संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-163 सोमवार, 15 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# भाजपा ने किया अपना घोषणा-पत्र जारी

**मोदी ने कहा कि संकल्प भारत विकसित भारत के स्तंभ युवा नारी गरीब किसान को सशक्त करता है...हमारा फ़ोकस डिग्निटी आप लाइफ़ उस पर है...हाई वैल्यू सर्विस पर ध्यान देने जा रहे हैं...मुफ़्त राशन की योजना आने वाले पाँच साल जारी रहेगा...**




## 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया,अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा.। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं।अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे। घोषणा पत्र के वादों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत को फूड प्रोसेसिंग का हब बनाया जाएगा। जनजातीय समाज के लिए जनजातियों गौरव वर्ष मनाया जाएगा। 2025 में 150वीं जयंती मनाई जाएगी. जनजातीय विरासत पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी. वन उपज की स्टार्टअप सात सौ से ज़्यादा एकलव्य स्कूल के निर्माण को किया जाएगा। ट्रांसजेंडर को भी आयुष्मान योजना में लाया जाएगा. सबसे पुरानी भाषा तमिल भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाया जाएगा। टूरिज़्म को बढ़ावा देंगे। सबसे अच्छे टूरिज़्म की रैंकिंग करके उसे विकसित किया जाएगा। होम स्टे के लिए महिलाओं को आर्थिक मदद देगी। सोशल डिजीटल और फ़िज़िकिल इन्फ़्रास्ट्रक्चर बनाएंगे। ड्राइवरों के लिए हाईवे पर बड़ा इन्फ़्रास्ट्रक्चर बनाएंगे। सेटेलाइट टाउन बनाएंगे. एविएशन सेक्टर पर ज़ोर रहेगा। वंदेभारत ट्रेनों का विकसित करेगी. वंदेभारत के तीन माडल पहला स्लीपर चेयर कार और मेट्रो चलेगी। अहमदाबाद मुंबई बुलेट ट्रेन का काम क़रीब क़रीब हो चुका है। उसी प्रकार पश्चिम उत्तर दक्षिण और पूर्वी भारत में एक एक बुलेट ट्रेन का प्रोजेक्ट बनाया जाएगा।

**नयी दिल्ली,14 अप्रैल 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा फोकस निवेश से नौकरी पर है। हर वादे को गारंटी के रूप में धरातल पर उतारा है। संकल्प पत्र युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। इसमें युवाओं के सुझावों को शामिल किया गया है। संकल्प भारत विकसित भारत के स्तंभ युवा नारी गरीब किसान को सशक्त करता है। हमारा फ़ोकस डिग्निटी आप लाइफ़ उस पर है। हाई वैल्यू सर्विस पर ध्यान देने जा रहे हैं। मुफ़्त राशन की योजना आने वाले पाँच साल जारी रहेगा। गरीब की थाली पोषण युक्त और सस्ती हो, इस पर ध्यान दिया जाएगा। जन औषधि केंद्र पर अस्सी फ़ीसदी डिस्काउंट मिलता रहेगा और इसका विस्तार करेंगे। आयुष्मान कार्ड के तहत पाँच लाख का उपचार रहेगा मिलता सत्तर साल से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। भाजपा का घोषणा-पत्र जारी होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी माँ कात्यायनी की पूजा करते हैं और माँ कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। इसके साथ सोने में सुहागा,आज बाबासाहब अंबेडकर की जयंती भी है। ऐसे पावन समय में आज भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है। मैं आप सभी को, सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया

पीएम मोदी ने कहा,पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है। इसका एक बड़ा कारण है। 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो।

### मोदी की गारंटी,गारंटी पूरी होने की गारंटी:जेपी नड्डा

घोषणा पत्र के जारी होने के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कहा, 60,000 नए गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम किया गया है और बारहमासी सड़कें बनाई गई हैं। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि गांव सशक्त होंगे,या ऑप्टिकल फाइबर गांव तक पहुंचेगा। लेकिन आज मुझे खुशी है कि आपके नेतृत्व में 1.2 लाख पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा दिया गया है और उन्हें इंटरनेट सुविधाओं से भी जोड़ा गया है।

## हमारा संकल्प पत्र संविधान की तरह पवित्र अभी ट्रेलर है,मोदी के तीसरी बार पीएम बनते ही शुरू होगी विकसित भारत की यात्रा

रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी' नाम से जारी किया। इसे लेकर रायपुर स्थित बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र संविधान की तरह पवित्र है। उन्होंने कहा कि देश में 3 करोड़ मकान बनेंगे, जो आम लोगों को मिलेंगे। साय ने कहा कि संकल्प पत्र में जो बातें आई हैं वह तो सिर्फ ट्रेलर है। जब तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो गरीबी मुक्त भारत और विकसित भारत की यात्रा शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा आज नवरात्रि में माता कात्यायनी का दिन है, उनके दोनों हाथ में कमल है, इससे पावन संयोग क्या हो सकता है सोने पर सुहागा ये कि हमारे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की भी जयंती भी आज ही है। सीएम साय ने कहा बीजेपी का संकल्प पत्र वास्तव में भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, विश्वास बहाली का और देश के भविष्य का सुनहरा रोड मैप है। हमारा यह घोषणा पत्र संविधान की तरह पवित्र होता है। सीएम विष्णुदेव के मुताबिक ज्ञान पर विशेष फोकस है। इसमें जी का मतलब है गरीब। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उसी तरह से वाई का मतलब यूथ यानी युवा से है। देश के युवाओं को मुद्रा योजना का लाभ मिलेगा। इसका दायरा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख तक करने करने की बात कही गई है।

## संकल्प पत्र की खास बातें

- आने वाले पांच साल में सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी
- अगले पांच साल तक मुफ्त राशन,पानी और गैस कनेक्शन और पीएम सूर्यघर से जीरो बिजली बिल
- आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा
- मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर,स्वास्थ सेवाओं का विस्तार
- नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी,हर नागरिक को हाई क्वालिटी शिक्षा प्राप्त होगी
- 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करेंगे
- युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म और खेल के जरिये लाखों रोजगार के अवसर मिलेंगे।
- नारी तू नारायणी के तहत आगे 3 करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे।
- महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को सर्विस सेक्टर से जोड़कर नए अवसर देंगे।
- महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान देंगे।
- महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाए जाएंगे।
- नारी वंदन अधिनियम को लागू करेंगे।
- बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश करेंगे।
- श्रीअन्न को सुपर फूड की तरफ स्थापित करेंगे।
- नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा करेंगे।
- कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे।
- मछुआरों के लिए नाव का बीमा, फिश प्रोसेसिंग यूनिट, सैटेलाइट के जरिये समय पर जानकारी इन सब को मजबूत करेंगे।
- मछली पालकों को सी-वीड और मोती की खेती के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- गिग वर्कर्स, माइग्रेंट वर्कर्स, टैक्सी ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर,ऑटो ड्राइवर, कुली और घर में काम करने वाले श्रमिकों ई-श्रम पर जोड़ कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देंगे।
- हाईवे पर ट्रक चालकों के लिए आधुनिक सुविधाएं बनवाएंगे।
- भारत योग का ऑफिशियल सर्टिफिकेशन देगा।
- विश्वभर में तिरुवल्लूवर कल्चरल सेंटर के माध्यम से भारत की संस्कृति को विश्व में ले जाएंगे।
- भारत की क्लासिकल भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था उच्च शिक्षण संस्थाओं में करेंगे।
- 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे।
- एकलव्य स्कूल, पीएम जनमन, वन उत्पादों में वैल्यू एडिशन एवं ईको टूरिज्म को बढ़ावा देंगे।
- ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों को जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान देंगे।
- भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की गारंटी।
- अर्बन हाउसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, वाटर मैनेजमेंट, साफ हवा, कचरे के ढेर से मुक्ति और स्वच्छ पानी के लिए मिशन मोड पर काम होगा।
- विश्वभर में रामायण उत्सव मनाएंगे। अयोध्या का विकास होगा।
- 5जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी का विस्तार करेंगे, 6 जी पर काम करेंगे
- भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक सख्त कार्रवाई होगी।
- परफॉर्म, परफॉम, ट्रांसफॉर्म का मंत्र शासन के हर क्षेत्र में लागू होगा।
- भारतीय न्याय संहिता लागू होगी।
- वन नेशन, वन इलेक्शन के साथ ही कॉमन इलेक्टोरल रोल की व्यवस्था होगी।
- समृद्ध भारत के लिए विश्वकर्मा परिवारजन, एमएसएमईएस और छोटे ट्रेडर्स को स्किल सिखाने, क्रेडिट देने, और उनके उत्पादन को बाजार से जोड़ने की गारंटी।
- भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी।
- रेलवे में नई पटरियां जुड़ेंगी। नई वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनें आएंगी।
- वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनेंगे, आने वाले वर्षों में वेटिंग लिस्ट की समस्या खत्म होगी।
- नए एयरपोर्ट हाईवे, मेट्रो, अंडरवाटर मेट्रो का निर्माण जारी रहेगा।
- उत्तर, दक्षिणी पूर्वी भारत में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की फिजिबिलिटी स्टडी शुरू होगी।
- नॉर्थ-ईस्ट में विकास यात्रा जारी रहेगी। तटीय, द्वीप, पहाड़ी हर क्षेत्र की विशेष जरूरतों के अनुसार मास्टर प्लान बनाने की तैयारी।
- भारत स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वीकल टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनेगा।
- 2047 तक उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करेंगे। पेट्रोल आयात को कम करेंगे।

## घोषणा-पत्र के लिए देशव्यापी अभियान चलाया...

लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए पार्टी ने देशव्यापी अभियान चलाकर कई माध्यमों से लोगों से सुझाव लिए गए। पार्टी ने एक तरफ जहां देश भर में विधानसभा स्तर पर जाकर वीडियो वैन के माध्यम से लोगों से सुझाव लिए, तो वहीं इसके साथ-साथ देश के 100 से ज्यादा शहरों में व्यावसायिक, व्यापारिक एवं बुद्धिजीवी संगठनों के साथ सभाएं कर उनसे भी सुझाव लिए। इसके साथ ही पार्टी ने बड़े पैमाने पर मिस्ड कॉल अभियान भी चलाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं देश के लोगों से नमो एप के जरिए भी सुझाव भेजने का आग्रह किया। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। चुनाव आयोग देश में सात चरणों 19 और 26 अप्रैल, 7, 13, 20 और 25 मई और 1 जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराने जा रहा है. चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबर

### 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा



**श्रीनगर,14 अप्रैल 2024 (ए)।** श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने जानकारी दी है कि 29 जून 2024 से अमरनाथजी यात्रा 2024 शुरू होगी जो 19 अगस्त 2024 को समाप्त होगी। जिसकी एडवांस बुकिंग 15 अप्रैल 2024 से शुरू हो जाएगा। लोकसभा चुनाव के ठीक बाद 29 जून से अमरनाथ यात्रा इस बार 52 दिन की यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी, जो पिछले साल से दस दिन कम होगी।

### टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया गया



**नयी दिल्ली,14 अप्रैल 2024 (ए)।** भारतीय सेना ने आसानी से कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है।

### भव्य होगी राम मंदिर की पहली रामनवमी

**अयोध्या,14 अप्रैल 2024 (ए)।** राम नवमी में सिर्फ दो दिन बचे हैं। ऐसे में अयोध्या बड़े पैमाने पर भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार हो रही है। जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देखी गई भीड़ से भी ज्यादा.



16 अप्रैल की आधी रात से शुरू होने वाले रामनवमी समारोह के लिए अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों को 24 घंटे लंबी शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। चीफ सेक्रेटरी डी एस मिश्रा ने कहा कि सरकार लगभग 25 लाख भक्तों के आने की उम्मीद कर रही है।

## सलमान के घर के बाहर फायरिंग मामले में 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज





**मुंबई,14 अप्रैल 2024 (ए)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में बांद्रा पुलिस ने 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सलमान खान की सिक्योरिटी गार्ड के बयान के आधार पर केस दर्ज किया है। इससे पहले बड़ा अपडेट सामने आया था कि इस फायरिंग की जिम्मेवारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने ली थी। पहले भी कई बार सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। मगर ऐसा पहली बार हुआ है कि एक्टर के घर के बाहर फायरिंग हुई हो। ऐसे में इस फायरिंग की घटना ने सबको डराकर रख दिया है। एक्टर के परिवार वाले भी काफी परेशान हैं। इससे पहले एक लेटर ने भी तहलका मचाकर रख दिया था, जिसमें एक्टर को सीधे तौर पर धमकी दी गई थी।

बताते चलें कि इस मामले को लेकर 15 लोगों की एक जांच टीम भी बनाई गई है। पुलिस तुरंत इस मामले की छानबीन में जुट गई है। बड़े पैमाने पर ये जांच की जा रही है। मगर इस बीच यही सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर इतनी टाइट सिक्योरिटी में भी सलमान खान के घर के बाहर इस घटना को अंजाम दिया कैसे गया?




## बोरवेल में गिरे 6 साल के बच्चे की 45 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मौत

**रीवा,14 अप्रैल 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के रीवा के जनेह पुलिस थाना क्षेत्र के मनिका गांव में एक 6 वर्षीय बच्चा शुक्रवार को एक कृषि क्षेत्र में खुले बोरवेल में गिर गया। 45 घंटे के लंबे बचाव अभियान के बाद रविवार को जिले की एक महिला की मौत हो गई। लड़के को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन बचाव दल उसकी जान नहीं बचा सके. एडिशनल एसपी विवेक लाल सिंह कहते हैं, एनडीआरएफ, पुलिस, स्थानीय टीम,लोगों और स्थानीय प्रशासन ने लगभग 45 घंटे तक कड़ी मेहनत की। टीम ने सभी सावधानियों और सुरक्षा उपायों के साथ 45 घंटे तक लगातार काम किया लेकिन हम उसकी जान नहीं बचा सके।

## अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर आयकर विभाग का पड़ा छापा

**नयी दिल्ली,14 अप्रैल 2024 (ए)।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर आयकर विभाग का छापा पड़ा है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बताया कि वह हेलीकॉप्टर से हल्दिया जाने वाले हैं। इससे एक दिन पहले आज आयकर विभाग के अधिकारियों ने बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर पर छापेमारी की थी। उन्होंने लिखा, आज मेरे हेलिकॉप्टर और सुरक्षा कर्मियों की जांच हुई और छापेमारी की गई। लेकिन, कुछ भी नहीं मिला। जमींदार अपनी पूरी ताकत लगा सकते हैं, लेकिन बंगाल प्रतिरोध करता रहेगा, डिगेगा नहीं। वहीं, तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने अभिषेक बनर्जी के ट्वीट पर लिखा, क्या हताश लोगों को हेलीकॉप्टर पर कुछ फल और फिश सैंडविच मिले?



पार्टी के एक और नेता साकेत गोखले ने इस पर लिखा कि अपनी हताशा में पीएम मोदी और अमित शाह अब चुनाव से ठीक 5 दिन पहले एक उम्मीदवार को स्वतंत्र रूप से प्रचार करने से रोकने के लिए आयकर विभाग का बेशर्मी से इस्तेमाल कर रहे हैं। चुनाव आयोग हमेशा की तरह उस व्यक्ति की सेवा कर रहा है जिसने उन्हें व्यक्तिगत रूप से चुना और नियुक्त किया, और आंखें मूंद लीं। तृणमूल नेता शशि पांजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी डरी और घबराई हुई है। बंगाल में आज हमने क्या देखा? अभिषेक बनर्जी का हेलीकॉप्टर है उसकी जांच करने के लिए इनकम टैक्स के ऑफिसर आए। वह क्या खोजने आए, आपको किसने भेजा। यह साफ जाहिर है कि भाजपा और उनके नेताओं के ही आदेश पर ही तृणमूल कांग्रेस को गिरफ्त में लिया जा रहा है और आज की हेलीकॉप्टर की जांच यही प्रमाणित करती है।



## ट्रक से टकराने के बाद कार बनी आग का गोला,6 लोग जिंदा जले

**सीकर,14 अप्रैल 2024 (ए)।** राजस्थान के सीकर में फतेहपुर के आशीर्वाद चौराहे के पास एक पुल पर ट्रक और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि हादसे में 6 लोग जिंदा जल गए हैं। इस टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई थी। कहा जा रहा है कि हादसा दोपहर करीब 2.30 बजे चूरू-सालासार हाईवे पर हुआ है।

# सूर्य उपासना के पर्व चैती छठ पर व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

लोक आस्था और सूर्य उपासना के पर्व चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। शहर के शंकर घाट, घुटनघुट्टा सहित पूरे जिले में विभिन्न जलाशयों के किनारे श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना की। चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी रविवार की संध्या पहर में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा संपन्न हो गई। शहर सहित जिले के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देते नजर आए। व्रती महिला -पुरुष ने स्नान -ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की सूप में फल ठेकुआ, ईख, नारियल रखकर डूबते हुए



सूये अर्घ्य दान किया। शहर के शंकर घाट व घुनघुट्टा जलाशय छठ घाट पर व्रतियों की काफी भीड़ देखी गई। शाम 4 बजते ही व्रति अपने-अपने घरों से पूरी तैयारी के साथ छट गीत कंचही बांस के बहंगी, बहंगी चलकत जाय जैसे गीतों के साथ भगवान भास्कर को अराधना करते हुए छट घाट पहुंचे और जलाशय में स्नान कर सूये डूबने से पहले उन्हें अर्घ्य अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा समापन

छत व्रत चार दिनों का होता है। पहले दिन शुक्रवार को नहान खान के साथ व्रत शुरू हुआ था। दूसरे दिन शनिवार को खरना के साथ व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास रखा है और रविवार की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। पर्व के चौथे और अंतिम दिन यानी सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं का व्रत संपन्न हो जाएगा। इसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर पारण करेंगे।

## दंडवत करते पहुंचे छठ घाट

चैती छठ का विशेष महत्व है। अधिकांश लोग मन्नत पूरी करने के लिए यह व्रत करते हैं। कई व्रती अपने घरों से दंडवत देते हुए छठ घाटों तक पहुंचे। इस दौरान व्रतियों के आगे-आगे सिर पर दउरा लेकर खाली पैर लोग चल रहे थे।

# महुआ बीनने के लिए तिरपाल लगाकर सो रहे परिवार पर हाथी ने किया हमला






- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में एक दंपति अपने घर से लगे जंगल में महुआ बीनने के लिए तीरपाल लगाकर सोया था। रविवार की अहले सुबह तीरपाल के नीचे सो रहे दंपति व 8 माह की दुधमुंही बच्ची पर हाथी ने हमला कर दिया। बच्ची व उसकी मां गंभीर रूप से जख्मी हो गई है।

जानकारी के अनुसार दुर्गा गोंड़ उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर का रहने वाला है। वह महुआ बीनने के लिए अपने घर के पास स्थित महुआ पेड़ से लगे तीरपाल लगाकर झोपड़ी बनाया था। उसी झोपड़ी के नीचे शनिवार की रात को पत्नी हारमती, 8 माह के दुधमुंही बच्ची अंजना व 4 साल का बेटा शिवशंकर के साथा सोया था। रविवार की देर रात करीब 3 बजे झोपड़ी के पास अचानक एक हाथी आ गया। हाथी को

## दुधमुंही बच्ची सहित तीन घायल

देखकर सभी डर गए। भागने की कोशिश कर रहे थे तब तक मां के गोद चिपकी दुधमुंही बच्ची अंजना रोने लगी। इस दौरान हाथी ने सभी पर हमला कर दिया। हाथी द्वारा सूड़ से उठाकर पटके जाने से हारमती व उसकी दुधमुंही बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वहीं दुर्गा व शिवशंकर को मामूली चोट आई है। सूचना पर वन विभाग मौके पर पहुंचा और घायलों को एंबुलेंस से उदयपुर सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। दुधमुंही बच्ची व उसकी मां को गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया। यहां दुधमुंही बच्ची को बच्चा आईसीयू में भर्ती कराया गया है। क्यों कि इसे अंदरूनी चोट आई है। वहीं उसकी मां हारमती को सिने में गंभीर चोट है। दो हाथी का दल विगत एक सप्ताह से उदयपुर वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। दोनों हाथी एक साथ थे परंतु विगत दो दिन से दोनों हाथी अलग-अलग होकर विपरीत दिशाओं में चले गए हैं। एक हाथी लखनपुर वन परिक्षेत्र की ओर गया है तो दूसरा फतेहपुर की ओर से होते हुए तारा प्रेमनगर के जंगल की ओर रवाना हुआ है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वन अमला द्वारा ग्रामीणों को लगातार समझाइश दी जा रही है परंतु समझाइश को न मानना लोगों पर भारी पड़ रहा है। हाथियों के हमले से घायल दुर्गा के परिवार को भी जंगल में हाथी विचरण की सूचना दी गई थी परंतु इन लोगों ने समझाइश को नहीं माना और हाथी के हमले के हादसे का शिकार हो गए।




# अलग-अलग मामले में 53 लीटर महुआा शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

मणिपुर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थान पर छापामार कर 53 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को मणिपुर पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान मुखबिर से जानकारी मिली की परसापाली निवासी सुरेंद्र लकड़ा ट्रांसपोर्टनगर के पास भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री के लिए शहर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 26 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में लोधिमा निवासी विरेंद्र कुमार एक्का के कब्जे से 27 लीटर महुआ शराब जब्त कया है। दोनों मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर प्रदीप कुमार जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे, बबलू कुजूर प्रधान आरक्षक पीतांबर सिंह, महिला आरक्षक नीलम यादव, आरक्षक अतुल शर्मा मुकेश चौधरी शामिल रहे।

# आर्थिक,सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में हुआ महिलाओं का सशक्तिकरणः हर्षिता पांडेय

» भाजपा महिला मोर्चा ने लिया लोकसभा में बड़ी जीत का संकल्प




- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा महिला मोर्चा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की महत्त्वपूर्ण बैठक पिछले दिनों भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हर्षिता पांडे के मुख्य आतिथ्य,महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा,प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, लोकसभा सह संयोजक अखिलेश सोनी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता हर्षिता पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं की भूमिका में लगातार सकारात्मक बदलाव आ रहे है और हर क्षेत्र में उनको आगे बढने के मौके भी मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक हर क्षेत्र में महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने कहा कि मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य हुए है। महिलाओं की आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। इस अवसर पर लोकसभा सह संयोजक अखिलेश सोनी ने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान से लेकर महिला आरक्षण विधेयक तक देश की महिलाओं को अधिकार और सम्मान मिला है। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि तीन तलाक जैसे अमानवीय प्रथा को मोदी सरकार ने बैन किया। उज्जवला गैस योजना, महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रधानमंत्री ने आर्थिक रूप से सक्षम बनाया है। इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा चुनाव में अपने युवा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करने के बाद पार्टी के महिला विंग ने भी चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाल लिया है। प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर अंबिकापुर स्थित जिला भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में भाजपा महिला प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक के बिंदुओं पर चर्चा के दौरान सरगुजा जिलाध्यक्ष फुलेश्वरी सिंह ने बताया कि नवरात्रि के समय शक्ति वंदन संपर्क अभियान चलाकर मातृशक्ति को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। पार्टी के निर्देश पर बूथ स्तर तक कन्या भोज, महिला स्व-सहायता समूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा मितानी बहनों से संपर्क किया जाएगा। भजन मंडली बहनों से संपर्क कर छोटी-छोटी टोली में चौपाल लगाने पार्टी कार्यालय का निर्देश है।इस अवसर पर सरगुजा लोकसभा महिला मोर्चा संपर्क प्रभारी मंजूषा भगत ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा में हमें ऐतिहासिक जीत मिली है उससे कहीं ज्यादा बड़ी जीत इस लोकसभा चुनाव में हासिल करेंगे। और इसके लिए हमें संगठित रूप से रणनीति बनाकर काम करना होगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अरुणा सिंह ने मंच का संचालन मंजूषा भगत ने तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष फुलेश्वरी सिंह ने किया। इस अवसर पर सरगुजा, सूरजपुर तथा बलरामपुर जिले की भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, 5 हजार रुपए का था इनाम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

बलात्कार के मामले में बतौली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार 19 अक्टूबर 2023 को पीड़िता ने थाना बतौली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि बरगीडीह लुन्ड्रा निवासी शहबाज फिऱदौशी के विरुद्ध प्रार्थिया द्वारा पूर्व मे दुष्कर्म का प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया था घटना दिनांक 17 अक्टूबर 23 कों आरोपी शहबाज फिऱदौशी प्रार्थिया कों अपने माता पिता से मिलवाने का झांसा देकर आरोपी द्वारा प्रार्थिया कों अपने घर ना ले जाकर अपने गाड़ी मे बैठाकर बतौली ले गया जहा प्रार्थिया कों जातिगत गाली गलौज कर मारपीट करते हुए दुष्कर्म कर अपने गाड़ी मे बैठाकर मुख्य मार्ग मे छोडक़र घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौक़े से फरार हो गया जो प्रार्थिया बाद मे घटना की जानकारी अपने परिजनों कों दी हैं, प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना बतौली में धारा 294, 506, 323, 376 एवं 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना मामले के आरोपी शहबाज फिऱदौशी का पता तलाश पुलिस टीम द्वारा किया जा रहा था, किन्तु आरोपी घटना दिनांक से मामले मे फरार चल रहा था जिस पर से आरोपी शहबाज फिऱदौशी उर्फ़ मोंटी खान साकिन बरगीडीह थाना लुन्ड्रा के गिरफ़्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा मामले की गंभीरता कों देखते हुए आरोपी की गिरफ़्तारी हेतु 5000/- रुपये का ईनाम देने की उद्घोषणा की गई थी, पुलिस टीम द्वारा आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था एवं पुलिस टीम लगातार आरोपी के ठिकानो पर दबिश दे रही थी, इसी बीच सायबर सेल से आरोपी के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारी प्राप्त कर पुलिस टीम कों आरोपी के गिरफ़्तारी हेतु बैढन् सिंगरौली मध्यप्रदेश रवाना किया गया था, पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम शहबाज फिऱदौशी उर्फ़ मोंटी उम्र 32 वर्ष साकिन बरगीडीह थाना लुन्ड्रा का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता हैं, आरोपी आदतन अपराधी किस्म का हैं आरोपी के विरुद्ध पूर्व मे भी कई प्रकरण दर्ज हुए हैं।




# 20 लीटर महुआ शराब के साथ महिला हुई गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

आबकारी उडऩ्दस्ता टीम 14 अप्रैल को मणिपुर थाना क्षेत्र के दर्रीडांड़ निवासी 1 महिला को 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग ने आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि उडऩ्दस्ता टीम को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि थाना मणिपुर के ग्राम दर्रीडाड़ निवासी सुनीता रिशी अपने घर में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब का निर्माण कर बेचती है। सूचना पर उडऩ्दस्ता टीम मौके पर पहुंचकर छापेमारी कार्रवाई कर सुनीता रिशी के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब एवं भारी मात्रा में महुआ लाहन बरामद किया गया। टीम ने महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।





# आधी रात घर में लगी आग,सो रहे 2 मासूम बहन व 1 भाई की जलकर मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

मैनपाट में शनिवार की देर रात एक बड़ा हादसा हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। बरिमा गांव में एक घर में सो रहे 3 मासूम भाई-बहनों की जलकर मौत हो गई। बच्चों की मां उन्हें घर में सोता छोडक़र दरवाजा बाहर से बंद कर पड़ोस में चल रही बकरा पार्टी में गई थी।

मैनपाट के ग्राम बरिमा पकरीपारा निवासी देवधन माझी किसी दूसरे राज्य में काम करने गया है। घर पर उसकी पत्नी सुधनी व 4 बच्चे रह रहे थे। पत्नी ही बच्चों की देखभाल कर रही थी। शनिवार की रात को मां 8 वर्षीय गुलाबी, 6 वर्षीय सुषमा व 4 वर्षीय रामप्रसाद को एक कमरे में सुला दी थी। इसके बाद बाहर से घर के दरवाजा को बंद कर बड़ी बेटी के साथ पड़ोस में चल रही बकरा पार्टी में चली गई थी। देर रात को जब वह नशे की हालत में वापस लौटी तो घर में आग लगा हुआ था। महिला की चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव वाले पहुंचे और आग बुझाने की काशिश की। पर संसाधन न होने के कारण आग बुझाने में काफी विलंब हुआ। तीनों बच्चों का शव आपस में मिलपटा हुआ मिला है। अनुमान लगाया जा रहा है कि घर में आग लगने पर तीनों बच्चे घर से बाहर निलने की कोशिश कर रहे होंगे पर दरवाजा बंद होने के कारण भाग नहीं पाए। तीनों मासूम बच्चों का अवशेष आपस में लिपटा हुआ पाया गया।





## गांव वालों ने बुझाई आग

महिला का शोर सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। इस दौरान बच्चों की जलकर मौत हो चुकी थी। फिर इस घटना की खबर गांववालों ने कमलेश्वरपुर थाने में दी। सूचना मिलते ही सुबह तहसीलदार व पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

CMYK

# अप्सरा के अवतार में नजर आईं कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी,बेहद खास है इसकी वजह

**कबोडिया,14 अप्रैल 2024।** कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागडे अपने नए रूप को लेकर चर्चाओं में हैं। दरअसल कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देवयानी की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वे पारंपरिक परिधानों को पहने हुए 'खमेर अप्सरा' के रूप में दिख रही हैं। बता दें कि कंबोडिया में सबसे बड़ा पारंपरिक त्योहार 'खमेर नव वर्ष' मनाया जा रहा है। तीन से चार तक चलने वाले इस त्योहार के दौरान कंबोडिया में सार्वजनिक अवकाश होता है। इसे देखते हुए देवयानी खोब्रागडे ने 'खमेर अप्सरा' की वेशभूषा में लोगों को शुभकामनाएं दीं।



### भारतीय दूतावास ने साझा की तस्वीरें

भारतीय राजदूत देवयानी खोब्रागडे ने कंबोडिया की खमेरी संस्कृति और परंपरा के प्रति गहरा प्रेम जताया है। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास का कहना है कि इस परंपरा के प्रति सम्मान जताते हुए राजदूत ने खमेर अप्सरा का रूप धरा और लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही भारतीय दूतावास द्वारा एक्स पर कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं, जिनमें देवयानी पारंपरिक परिधान पहने हुए नजर आ रही हैं।

### खमेर नव वर्ष क्या है?

कंबोडिया में नए साल को खमेर नव वर्ष रूप में मनाया जाता है। तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव के लिए पहले से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह उत्सव पारंपरिक सौर नव वर्ष पर आधारित है और 13 अप्रैल या 14 अप्रैल को मनाया जाता है।

### कौन हैं देवयानी खोब्रागडे?

देवयानी खोब्रागडे 1999 बैच की भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। अपने 24 साल के करियर में उन्होंने बर्लिन, इस्लामाबाद, रोम और न्यूयॉर्क में भारतीय मिशनों में काम किया है। वे भारतीय विदेश मंत्रालय की अलग अलग विंग में काम कर चुकी हैं।

# पाकिस्तान की जेल में सरबजीत सिंह की हत्या करने वाला अमीर सरफराज मारा गया;लाहौर में गोली मारकर हत्या

**लाहौर,14 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। लाहौर में अज्ञात लोगों ने उसे गोलियों से भून डाला। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह अपनी कार से कहीं जा रहा था। बता दें कि उसने भारतीय नागरिक सरबजीत की धारदार हथियारों से हत्या कर दी थी। उसने आईएसआई के इशारे पर सरबजीत को मौत के घाट उतारा था।




### लाहौर की सेंट्रल जेल में हुई थी सरबजीत की हत्या


दरअसल, भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की मौत 2 मई 2013 को हुई थी। साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद लाहौर की सेंट्रल जेल में कुछ कैदियों ने सरबजीत पर हमला कर दिया था और पांच दिन बाद अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था।

### गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गए थे सरबजीत

सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। वे किसान था। 30 अगस्त 1990 को वह अनजाने में पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गए थे, जहां से उन्हें पाकिस्तानी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय सरबजीत ने तर्क दिया था कि वह गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गए थे।

# हमले को देखते हुए ब्रिटेन ने भेजे फाइटर जेट कहा...हम सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम कर रहे...

**लंदन,14 अप्रैल 2024।** सीरिया में ईरान के दूतावास में हाल ही में हुए हमले के बाद से ही ईरान बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए उसने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ईरान ने इस हमले की जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए इस्राइल में कई ड्रोन भी दागे। ईरान की चेतावनी के बाद इस्राइल के बचाव में अमेरिका सामने आया है। इस्राइल-हमास युद्ध के बीच अब इस्राइल-ईरान युद्ध के खतरे को देखते हुए यूके ने भी कई रॉयल एयरफोर्स जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेज दिया है।



यूके ने भेजे रॉयल एयरफोर्स जेट एक बयान में बताया गया कि ईरानी धमकियों को देखते हुए यूके सरकार क्षेत्र में तनाव कम करने और हमलों की संभावना को रोकने के लिए क्षेत्र के अन्य सहयोगी दलों के साथ काम कर रही है। यूके की तरफ से जारी बयान में कहा गया, हमने क्षेत्र में कई सारे रॉयल एयरफोर्स जेट भेजे हैं। ये क्षेत्र में किसी भी हवाई हमलों को रोक सकते हैं। इसके साथ ही हमलों की संभावना को देखते हुए हम अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

इस्राइली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि इस्राइल ने ईरान की तरफ से किए गए हमले को रोक दिया है। आईडीएफ ने बताया कि ईरान की तरफ से करीबन 200 अलग-अलग प्रकार के ड्रोन दागे गए, जिसमें बैलिस्टिक ड्रोन और क्रूज ड्रोन भी शामिल हैं। हगारी ने आगे कहा, हमारे ड्रोन अभी भी हवा में लक्ष्य को भेद रहे हैं। हम इस्राइल पर आने वाले सभी खतरों के लिए तैयार हैं। हमें जो करना चाहिए हम वो सब करेंगे। इस्राइल की रक्षा के लिए हम सबकुछ करेंगे।

# इस्राइल पर ईरान के हमले के बाद भारत का अलर्ट:लोगों से धैर्य बरतने व सुरक्षित रहने को कहा,रजिस्ट्रेशन भी शुरू

**तेल अवीव, 14 अप्रैल 2024।** इस्राइल पर ईरान के हमले के बाद इस्राइल स्थित भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को शांत रहने और सभी सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया गया है। अभूतपूर्व हमले में ईरान और उसके सहयोगियों ने इस्राइल पर शनिवार को 330 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया। यह हमला इस्राइल द्वारा दमिश्क में कथित तौर पर ईरान के राजनयिक मिशन पर हमले के जवाब में किया गया। इस्राइल के हमले में कई लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ईरान के दो शीर्ष कमांडर भी मौजूद थे।

### भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

इस्राइल स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम के तहत, इस्राइल में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे शांत रहें और स्थानीय प्रशासन द्वारा बताए जा रहे सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। पोस्ट में लिखा गया है कि दूतावास हालात पर करीब से नजर रखे हुए है और इस्राइली सरकार और भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं ताकि हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



### भारतीय नागरिकों का रजिस्ट्रेशन शुरू

भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक लिंक जारी किया है, जिस पर भारतीय नागरिकों को रजिस्टर करने को कहा गया है। माना जा रहा है कि इस्राइल में हालात बिगड़ने पर भारतीय नागरिकों को निकालने की आशंका को देखते हुए यह रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों को जब तक बहुत जरूरी न हो यात्राएं न करने की सलाह दी है।

### अभी तक किसी देश ने अपने नागरिकों को इस्राइल से निकालना नहीं शुरू किया

यह पहली बार है जब ईरान ने अपनी धरती से इस्राइल पर कोई सीधा हमला किया है। हालांकि ईरान के बड़े हमले के बावजूद इस्राइल में इस हमले का नुकसान नहीं हुआ और ईरान द्वारा फायर की गईं अधिकतर मिसाइलें और ड्रोन्स हवा में ही इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिए गए। इस्राइली सेना का कहना है कि 99 प्रतिशत मिसाइलें और ड्रोन्स हवा में ही तबाह कर दिए गए। हालांकि इस्राइली सेना ने माना कि अभी खतरा टला नहीं है। अभी तक किसी भी देश ने अपने नागरिकों को इस्राइल से निकालना शुरू नहीं किया है और सिर्फ अपने-अपने नागरिकों को एडवाइजरी जारी की है। भारतीय दूतावास भी हालात पर करीब से नजर रखे हुए है। ईरान के हमले के बाद इस्राइल में स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है, लेकिन सरकारी कार्यालय और निजी बिजनेस सामान्य की तरह संचालित हो रहे हैं। हालांकि इस्राइल सरकार ने अपने नागरिकों को सुरक्षा संबंधी गाइडलाइंस जारी कर दी हैं।

### ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

हालात को देखते हुए ईरान में स्थित भारतीय दूतावास ने भी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। किसी भी आपात स्थिति में ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिक इन नंबर्स पर दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। जो नंबर जारी किए गए हैं, वो हैं- +989128109115, +98993179567,+989932179359, +98-21-88755103-5

# सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान 'ऑपरेशन विश्वास के तहत अवैध देशी कट्टा पकड़ने वाली पुलिस टीम कों नगद ईनाम से किया गया प्रोत्साहित

- पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम कों प्रशस्ति पत्र एवं कैश रिवॉर्ड देकर किया गया उत्साहवर्धन
- त्वरित कार्यवाही के माध्यम से आमनागरिकों का विश्वास हासिल करने,आरोपियों पर सख़्ती के साथ कार्यवाही कर रही हैं सरगुजा पुलिस
- पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों भविष्य मे भी संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने दिए गए दिशा निर्देश

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत लगातार सख़्ती से कार्यवाही कर संदेहियो/आरोपियों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे थाना गांधीनगर अंतर्गत पुलिस टीम कों दो दिन पूर्व सूचना मिली कि भूपेंद्र सिंह उर्फ़ पप्पू नमक युवक बढ़नीझरिया की ओर अवैध देशी कट्टा रखकर मोटरसायकल मे घूमकर अवैध देशी कट्टा लहराकर आमनागरिकों कों भयभीत कर बढ़नीझरिया रोड तरफ घूम रहा हैं, उक्त मामले मे थाना गांधीनगर एवं विशेष पुलिस टीम की सक्रियता से मामले के आरोपी भूपेंद्र सिंह उर्फ़ पप्पू की घेराबंदी कर मय अवैध देशी कट्टा सहित घटना मे प्रयुक्त वाहन जप्त कर संवेदनशीलता के साथ सख़्ती से त्वरित कार्यवाही की गई।

मामले मे पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी की तत्काल गिरफ़्तारी की गई थी, उपरोक्त मामले मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उपरोक्त पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन हेतु आज दिनांक कों पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे उपरोक्त पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों बुलाकर नगद ईनाम एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया, साथ ही पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों भविष्य मे भी संवेदनशीलता के साथ बेहतर कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा थाना गांधीनगर मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक राकेश मिश्रा, आरक्षक अतुल सिंह, आरक्षक पंकज लकड़ा, साइबर सेल मे पदस्थ आरक्षक सत्येन्द्र दुबे, आरक्षक संजीव चौबे,आरक्षक मनीष सिंह, आरक्षक जितेश साहू कों प्रशस्त्री पत्र एवं कैश रिवॉर्ड प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस पर एसडीआरएफ नगर सेना के जवानों ने निकाली बाइक रैली



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर एसडीआरएफ और नगर सेना के जवानों द्वारा स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस बाइक रैली के माध्यम से जवानों द्वारा शहर के मुख्य चौक- चौराहों से होते हुए शहर में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में आगजनी से बचाव और मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। प्रभारी श्री शिव कुमार राठिया ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डाक बंबई में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा पानी का जहाज भीषण आग लग गई थी। आग पर काबू पाने के लिए बंबई फायर सर्विस के एक सैकड़ा अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर भेजे गए थे। अटूट साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए जांबाज अग्निशमन कर्मचारियों ने धधकती आग पर काबू करने का भरसक प्रयत्न किया। आग पर नियंत्रण तो पा लिया गया, लेकिन इस कोशिश में 66 फायरमैन वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उन्हीं 66 शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रति वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सप्ताह भर चलेगा। इस दौरान फायर ब्रिगेड द्वारा विभिन्न कारखानों, शैक्षणिक संस्थाओं, आबादी वाले जगहों पर अग्नि से बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिए जाएंगे। अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत नागरिकों को अग्नि से बचाव तथा सावधानी बरतने के संबंध विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अग्निकांडों से होने वाली क्षति के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा।

# जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को किया गया जागरूक

- सरगुजा संभागायुक्त,कलेक्टर, एसपी ने रैली में शामिल होकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया सन्देश
- स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु दिलायी गई शपथ

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**









भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने जिले में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लगातार गतिविधियों का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार सुबह स्वीप सरगुजा एवं फिट कॉफ फिट सिटी के संयुक्त तत्वाधान में रैली निकाली गई। सरगुजा संभागायुक्त जी आर चुरेंद्र, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, एसपी श्री विजय अग्रवाल ने पैदल रैली को सुबह 06:00 बजे गांधी स्टेडियम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में जिले के अधिकारी-कर्मचारी, फिट कॉफ फिट सिटी के लगभग 200 वॉलेंट्रीयर्स एवं आमजनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह रैली गांधी स्टेडियम से जयस्तंभ चौक,सदर रोड, ब्रम्ह रोड, सत्ती पारा होते हुए संगम चौक,घड़ी चौक से गांधी स्टेडियम पर समाप्त हुई। यहां रैली के पश्चात योगा एवं जुम्बा के साथ उपस्थित मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर सरगुजा संभागायुक्त जी आर चुरेंद्र ने मतदाता जागरूकता अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य एवं लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाना है। उन्होंने कहा कि मतदान अवश्य करें और अपने आस- पास के लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे स्वीप जागरूकता कार्यक्रम की भी सराहना की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोस्कर ने मतदाताओं को हर एक वोट के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का वोट समान है इसलिए वोट अवश्य करें। उन्होंने मतदान दिवस 7 मई को वोट देने की अपील की। एसपी श्री अग्रवाल ने भी सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

### स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु दिलाई गई शपथ

इस दौरान सरगुजा संभागायुक्त श्री चुरेंद्र ने स्वीप गतिविधियों के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी को शपथ दिलाई। उन्होंने आगामी निर्वाचन में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

CMYK


अग्रवाल सिटी


अग्रवाल सिटी बन रहे घर


अग्रवाल सिटी के अन्दर अस्थाई कनेक्सन का जाल


अग्रवाल सिटी के अन्दर बने घर

# क्या बिल्डर से जमीन खरीदना ही बन गई है अग्रवाल सिटी में निवासरत लोगों की परेशानी की वजह ?

## कलेक्टर के आदेश के बाद टुकड़ों में बिकी जमीन... जमीन का डायवर्सन भी हुआ और नपा कर पटाने के बाद निर्माण की अनुमति भी मिली पर नहीं मिल रही तो बिजली सुविधा

- **अग्रवाल सिटी में रह रहे लोगों को पहले मिला था बिजली का स्थाई कनेक्शन बिल्डर की राजनीतिक व प्रशासनिक रंजिश के बाद हो गया अस्थाई कनेक्शन**
- **लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी कर सकते हैं अग्रवाल सिटी में रहने वाले लोग क्या इसके लिए जिला प्रशासन होगा जिम्मेदार?**
- **बिल्डर की राजनीतिक व प्रशासनिक दुश्मनी वहां पर जमीन लेकर घर बनाने वालों के लिए बन गई बड़ी मुसीबत?**
- **अग्रवाल सिटी में नहीं मिल पा रही सुविधाओं का दोषी कौन,वहां पर जमीन खरीद कर घर बनाने वाले या नपा को कर पटाने वाले या फिर उनसे वोट मांगने वाले?**

**- रवि सिंह -**
**बैकुण्ठपुर, 14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कभी-कभी अजीबोगरीब परेशानियों से लोगों को दो चार होना पड़ता है कुछ ऐसा ही कोरिया जिले के बैकुंठपुर नगर पालिका के महलपारा स्थित अग्रवाल सिटी में जमीन लेकर घर बनाने वाले लोगों के साथ हो रहा है, उन्हें भी कुछ अजीबोगरीब परेशानी से दो-चार होने की मजबूरी आन पड़ी है, समस्या यह है कि आखिर उनकी परेशानी का दोषी कौन है? यह परेशानी काफी पुरानी है और उस समय की है जब भाजपा की ही सरकार थी प्रदेश में और बिल्डर का राजनीतिक व प्रशासनिक रिश्ते मधुर थे तत्कालीन भाजपा सरकार में जिम्मेदार लोगों से, पर अचानक सरकार बदली और बिल्डर का राजनीतिक व प्रशासनिक रिश्ता खराब हो गया बदली हुई सरकार के जिम्मेदार लोगों से, और इसके बाद उसके साथ कई लोगों की समस्या भी बढ़ गई, मामला काफी लंबा हो चुका है पर समस्याओं पर यदि गौर करें तो आज भी यह समझना जरूरी है कि दोषी कौन है? जिस समय छोटे-छोटे टुकड़ों में महलपारा रोड पर स्थित अग्रवाल सिटी का एक बहुत बड़ा भूखंड बिक रहा था और लोग कलेक्टर के परमिशन पर उस भूखंड को खरीद रहे थे,क्या उस समय लोगों से गलती हो गई कि उन्होंने गलत व्यक्ति से जमीन खरीद ली और यदि गलत व्यक्ति से जमीन खरीद ली तो आखिर उस व्यक्ति को जमीन बेचने की अनुमति किसी गलत कलेक्टर ने दी? जब जमीन गलत तरीके से बिकी तो फिर उसका डायवर्सन कैसे हुआ और फिर नगर पालिका ने कई लोगों को भवन निर्माण की अनुमति निर्धारित कर लेकर कैसे दिया? जब यह सब चीज हो गई वहां पर रहने वाले कई लोगों को जिला प्रशासन ने जमीन का भूमि परिवर्तन की अनुमति दी तो वही नगर पालिका ने भवन निर्माण करने की अनुमति दी तब तक क्या सब कुछ लीगल था? जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ उसके बाद जब बिल्डर की राजनीतिक व प्रशासनिक दुश्मनी शुरू हुई तो वहां पर रहने वाले लोगों का दोष क्या था कि उन्होंने जमीन उस व्यक्ति से क्यों खरीदी जिसकी तत्कालीन व्यवस्था के प्रमुख लोगों से जम नही रही है?

अग्रवाल सिटी में रहने वाले लोगों के मुताबिक उनका कहना है कि भूमि के दस्तावेज प्रशासन से ही उपलब्ध हुए हैं, जैसा घर बनाने के लिए नियमों का पालन किया जाता है वैसा उन्होंने पालन भी किया है, भूमि खरीदी डायवर्सन कराया और नगर पालिका से भवन बनाने की अनुमति मिली यहां तक की घर बनाने के लिए लोन भी लिया तब तक सब कुछ सही था, वहां पर बिजली देने की बात हो रही थी यहां तक की स्थाई कनेक्शन भी उस समय दिए गए थे और खंभा लगाने की बात चल रही थी पर अचानक ही सत्ता परिवर्तन के बाद जो स्थाई कनेक्शन दिए गए थे उसे भी अस्थाई कर दिया गया यह कहकर की खंभे से दूरी बहुत है, जब 200 व्यक्ति वहां पर अब लगभग रहने लगे हैं तो क्या नगर पालिका का दायित्व नहीं बनता कि वहां तक खंभा पहुंच जाए? और लोगों को बिजली का स्थाई कनेक्शन मुहैया कराया जाए? क्या उनकी जिम्मेदारी सिर्फ उन लोगों से कर वसूली तक है? और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का उन लोगों से वोट लेने तक का रिश्ता है? बाकी उसके बाद की समस्या उनकी? स्थाई कनेक्शन पाकर भी लोग खुश थे पर जब बिल्डर और राजनीतिक व प्रशासनिक द्वेष बढ़ा तो सारी चीज अस्थाई हो गई दुश्मनी बनाने वालों ने बिल्डर के साथ-साथ वहां पर रहने वाले लोगों से भी दुश्मनी बनाई, जबकि वह रहने वाले शहर की सरकार भी वह तय करते हैं विधानसभा से लेकर लोकसभा तक अपना प्रतिनिधित्व चुनने की जिम्मेदारी निभाते हैं पर जिन्हें चुनकर लाते हैं वह उनके लिए कुछ नहीं कर पाते फिर इसमें दोष किसका है?

### प्रकाशित खबर


घटती घटना
प्रशासनिक और राजनीतिक दुश्मनी का

### क्या विद्युत विभाग के अधिकारी को भी है अग्रवाल सिटी में रहने वाले लोगों से दिक्कत जिस वजह से नहीं दे रहे स्थाई बिजली कनेक्शन ?

पूरे मामले में यह भी सवाल है की क्या बिजली विभाग के अधिकारियों को भी अग्रवाल सिटी में रहने वालों से दिक्कत है? जिस वजह से वह उन्हे लगभग 200 घरों के निवासियों को बिजली का स्थाई कनेक्शन नहीं दे रहे हैं,यह बात इसलिए भी कही जा रही है क्योंकि जब भूमि का रजिस्ट्री अग्रवाल सिटी के निवासियों के पास है, घर निर्माण की जब अनुमति उनके पास है डाइवर्सन भी जब उन्होंने करा लिया है, ऐसे में आखिर क्यों उन्हे बिजली का स्थाई कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है? ऐसे में माना जा सकता है की बिजली विभाग के अधिकारियों की कोई व्यक्तिगत दिक्कत है जो वहां के निवासियों से उन्हे है। बिजली विभाग आखिर ऐसा क्यों कर रहा है किसके कहने पर कर रहा है यह भी एक सवाल है? क्योंकि कांग्रेस शासनकाल में तो बिल्डर के कारण अग्रवाल सिटी के लोग परेशान थे क्योंकि उसी से उन्होंने जमीन खरीदी थी और बिल्डर की तत्कालीन सत्ता में सत्ताधारियों से जमती नहीं थी लेकिन अब जब सरकार भाजपा की है तब भी अग्रवाल सिटी के लोग परेशान हैं जिसके बाद यही माना जा सकता है की बात बिजली विभाग की ही नाराजगी की हो सकती है जो वहां के निवासियों के साथ है?

### नगर पालिका ने नहीं दिया स्वयं लोगों ने जाकर बिजली ऑफिस में दिया आवेदन और निर्धारित शुल्क पटाया फिर भी नहीं मिल रही स्थाई बिजली की सुविधा

स्थाई बिजली कनेक्शन के लिए अग्रवाल सिटी के निवासियों ने स्वयं बिजली ऑफिस जाकर आवेदन दिया और स्थाई बिजली कनेक्शन की उन्होंने ने मांग की फिर भी उन्हे स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं मिला जो यह बताने के लिए काफी है की बिजली विभाग अग्रवाल सिटी के लोगों से कितना खफा है। वैसे सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित शुक्ल के साथ आवेदन करने पर बिजली कनेक्शन दिए जाने का नियम है वहीं बैकुंठपुर में नगर पालिका की अनुमति बिना भी कई कनेक्शन जारी हैं जो यह साबित करने के लिए काफी हैं की अग्रवाल सिटी के रहवासियों के लिए ही बिजली विभाग का रुख शख्त है।

### आखिर दोष किसका है जिसकी वजह से सफर कर रहे हैं अग्रवाल सिटी में रहने वाले लोग?

अग्रवाल सिटी में रहने वाले लोग बिजली कनेक्शन के लिए लगातार सफर कर रहे हैं, वह अस्थाई कनेक्शन लेकर अपना काम चला रहे हैं, अब इस मामले में दोष किसका है यह बड़ा सवाल है। जब जमीन बिक रही थी तब लोगों ने जमीन खरीदी, राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों से सत्यापित दस्तावेजों के आधार पर जब जमीन खरीदने वालों ने यह तय कर लिया की सब कुछ सही है जमीन मामले में तब उन्होंने जमीन क्रय किया अब जब सभी तरफ से जांच परख कर और सभी कुछ सही पाए जाने पर उन्होंने जमीन खरीद ली घर बना लिया वह बिजली के स्थाई कनेक्शन के लिए परेशान हैं। क्या इसमें उनका ही दोष है यह बड़ा सवाल है क्योंकि वह तो रहने के लिए केवल एक टुकड़ा जमीन खरीद लिए हैं जहां वह घर बना चुके हैं और अब उन्हे वहां बिजली का कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है उनसे पता नही किस बात की दुश्मनी भजाई जा रही है?

### लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की तैयारी में अग्रवाल सिटी में निवासरत लोग

बताया जा रहा है की अब अग्रवाल सिटी में रहने वाले लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने वाले हैं। वह अपनी समस्या को लेकर इतने परेशान हो चुके हैं की वह अब इसी तरह विरोध दर्ज कर अपनी समस्या से सभी को अवगत कराना चाहते हैं जिससे जिम्मेदार लोगों का वह ध्यान आकर्षित कर सकें। वैसे अग्रवाल सिटी के रहवासियों की समस्या नेताओं ने भी हल नहीं की और उन्होंने इसीलिए ऐसा एक विचार किया है जिसमे वह लोकसभा चुनाव के बहिस्कार का ऐलान कर सकते हैं जिसके बाद उन्हें लगता है की जिम्मेदार उनकी सुनने जरूर पहुचेंगे और उनकी समस्या दूर होगी।

### जब पहले दिया गया था स्थाई कनेक्शन तो फिर उसे किसी अधिकारी ने कर दिया अस्थाई?

बताया जाता है की अग्रवाल सिटी के लोगों को पहले स्थाई बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिया गया था लेकिन बाद में उसे अस्थाई कनेक्शन में बदल दिया गया। अब सवाल यह उठता है की किस अधिकारी ने ऐसा किया किसके कहने पर ऐसा हुआ जब पहले कनेक्शन जारी किया गया स्थाई तब जांच में सब कुछ सही रहने पर ही स्थाई कनेक्शन दिया गया होगा फिर अचानक कैसे कमी मिली यह एक बड़ा सवाल है?

### बिजली विभाग बैकुंठपुर के अधिकारी की भी मनमानी काम नहीं

बिजली विभाग बैकुंठपुर के पास लगातार अस्थाई कनेक्शन के लिए लोग दौड़ लगा रहे हैं पर बिजली विभाग के अधिकारी अपने आप को न जाने क्या समझ बैठे हैं कि उन्हें नियम कायदा कानून ज्यादा बता रहे हैं और काम करना उनका ध्याय नहीं है जैसा-जैसा उन्होंने लोगों को बताया लोगों ने वैसा वैसा किया फिर भी बिजली विभाग वहां पर बिजली का खंभा नहीं लग रहे और नहीं स्थाई कनेक्शन दे रहा है जबकि सारे दस्तावेज लोगों ने बिजली विभाग को दे दिए हैं साथ ही उनके द्वारा जो निर्धारित खंबे का शुल्क मांगा गया था वह भी चुका दिया गया है फिर भी बिजली विभाग का अधिकारी अपने आप को इतना बड़ा अधिकारी समझ बैठा है कि लोगों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है जबकि निवासरत लोग फ्री में बिजली नहीं मांग रहे आखिर बिजली का वह बिल भी भुगतान करेंगे फिर क्या जिम्मेदारों को स्थाई बिजली कनेक्शन लोगों को मुहैया कराना हाथ पांव क्यों फूल रहे?

# क्या हसदेव जंगल के तर्ज पर रेहण्ड जंगल में पेड़ों की दी गई बलि...रेंजर पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई?

- **तीन दिन पहले फोन पर पार्क डीएफओ ने जांच करवाने की थी बात...लेकिन इस मामले में मिडिया को नहीं मिली अभी तक कार्यवाही की कोई जानकारी?**
- **क्या नेशनल पार्क के जंगल में सैकड़ों इमारती पेड़ उखाड़ने व भष्टाचार के मामले में अधिकारी कर पायेंगे रेंजर पर निष्पक्ष जांच व कार्यवाही?**

**- रवि सिंह -**
**कोरिया/सूरजपुर 14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव सामने हों और आदर्श आचार संहिता पुरे देश में लागू हो ऐसे में प्रशासन पर कोई राजनीतिक प्रतिबंध नहीं लगता और प्रशासन अपना काम स्वतंत्र कर सकती हैं यह माना जाता है लेकिन प्रशासन इतना भी स्वतंत्र न हो की आचार संहिता में बकायदा जेसीबी मशीन लगा कर जंगल में सैकड़ों हजारों इमारती पेड़ों की बलि बीना किसी जरुरत के मनमानी तरिके से स्वार्थ सिद्ध करने उजाड़ दिया जाए। ऐसा एक मामला हफ्ते भर से सुर्खियों में है और प्रिंट मीडिया में लगातार प्रकाशित भी हो रहा है कि चांदनी बीहारपुर क्षेत्र के रेहण्ड (महूली) जंगल गुरु घासीदास नेशनल पार्क में इमारती पेड़ों की किस कदर बली दिया गया। इस जंगल से सिर्फ पेड़ उखाड़ने नहीं बल्कि दुसरे विडियो में निर्माण कार्य में भष्टाचार करने का मामला भी सामने आ चुका है। परंतु विभागीय अधिकारि इस मामले में कुछ करने के बजाय कान में रुई डालकर बैठे हैं।

हसदेव के तर्ज पर रेहण्ड जंगल की बलि- गौरतलब हो कि महिनों पहले देश प्रदेश में चाहे प्रिंट मीडिया हो या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चाहे सोशल मीडिया हर तरफ हसदेव जंगल उजाड़ने की खबर खलबली माचाई हुई थी। राजनीति दलों में एक दुसरे पर लगातार आरोप लगाया जा रहा था परंतु जंगल उजड़ने से बचाने के लिए कोई कानून नहीं बनाया गया। इसी के तर्ज पर अब नेशनल पार्क परिक्षेत्र महुली रेहण्ड जंगल से में जेसीबी मशीन लगा कर सैकड़ों हजारों इमारती पेड़ों को उखाड़ने की विडियो हफ्ते भर से वायरल हो रही और मिडिया में प्रकाशित भी हो रहा है लेकिन इस मामले में अब तक कोई जांच व कार्रवाई की खबर नहीं मिली है।




### डीएफओ ने फोन पर जांच की कही बात

रेहण्ड जंगल से वायरल विडियो व सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रकाशित खबर के विषय में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया के डीएफओ से फोन पर बात करने पर उन्होंने इस मामले में मौके पर टीम भेज कर जांच कराने की बात कही व जांच में मिली तथ्य के आधार पर संबंधित पर कार्रवाई की भी बात कही परंतु तीन दिन बीतने के बाद भी विभाग द्वारा मिडिया को इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं दी गई। जबकि तस्करी व पार्क परिक्षेत्र में आग लगने से हुए नुकसान के विषय में कोई जवाब नहीं दिया गया।


पार्क परिक्षेत्र में जंगल के मिट्टी से बन रहा स्टॉप डेम... क्या मिट्टी का बिल लगेगा किसी क्रेशर का....आखिर ऐसे भष्टाचार को किसका संरक्षण ?


घटती घटना

### क्या नेशनल पार्क में उजाड़े गए पेड़ों व भष्टाचार के मामले में रेंजर पर होगी निष्पक्ष जांच व कार्यवाही?

बीहारपुर क्षेत्र के रेहण्ड जंगल महूली रेंज में सैकड़ों हजारों इमारती पेड़ों को जेसीबी मशीन से उखाड़ कर जंगल नष्ट करने की मानसिकता बनाने वाले रेंजर ललित साय पैकरा व उनके सहयोगी पर बड़ी कार्रवाई होगी यह सबसे बड़ा सवाल है। क्यों कि रेंजर ललित साय पैकरा ने न सिर्फ जंगल उजाड़ने का उद्देश्य बनाकर पेड़ उखड़वाया है बल्कि पार्क परिक्षेत्र में शासन की राशि में डांका डालने की मंशा से स्टांप डेम निर्माण कार्य व अन्य निर्माण कार्य में जंगल का दोहन कर पार्क परिक्षेत्र के संपत्ति को नुक़सान पहुचाते हुए भष्टाचार भी जमकर किया है और पार्क परिक्षेत्र में विकास की मंशा से आबंटित राशि का बंदरबांट भी किया है।

### क्या रेंजर द्वारा धड़ल्ले से जंगल खत्म करने की मंशा?

इतना ही नहीं रेंजर ललित साय पैकरा के प्रभार क्षेत्र में पार्क में आग लगने से जंगल की भारी मात्रा में संपत्ति भी नष्ट हुई है और जंगल काट कर लकड़ीयो की तस्करी भी जोरो से हुई है। बरहाल इन गंभीर मामलों में विभागीय टीम कितना निष्पक्ष जांच करेगी या कार्यवाही रेंजर पर करेगी बड़ा सवाल है। क्यों कि जिस तरह से जंगल में मनमानी तरिके से रेंजर द्वारा धड़ल्ले से जंगल खत्म करने की मंशा बनाया है ऐसे में संबंधित विभाग कितना निष्पक्ष रहेगा देखने वाली बात होगी।







# कोरबा लोकसभा क्षेत्र के विकास सांय सांय होही: विष्णुदेव

» डबल इंजन की सरकार बनेगी तो चलेगी रेल,चांगभखार बनेगा जिला:रेणुका

- संवाददाता -
कोरिया/कोरबा 14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आदिवासियों की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पहला आदिवासी राष्ट्रपति दिया है। आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू। छत्तीसगढ़ को भी आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है। ऐसे प्रधानमंत्री को चुनने का समय फिर से आ गया है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांय सांय विकास कराने के लिए आने वाली 7 तारीख को आप सबको कमल फूल छाप पर बटन दबाना है और सरोज पांडेय को जीतना है। यह बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत के जनकपुर में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, प्रदेश में सांय सांय गति से विकास हो रहा है। इस विकास की गति को ऐसे ही सांय सांय गति से बरकरार रखने के लिए देश और प्रदेश में कमल का फूल फिर से खिलाने की जरूरत है। क्षेत्र की विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने चुनरी ओढ़ाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय व मंचस्थ नेताओ का स्वागत किया। इस दौरान महा माला से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह व कोरबा लोकसभा कहवतर से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक भैयालाल राजवाड़े, विधायक उद्देशवरी पैकरा, पूर्व विधायक चंपादेवी पावले, सांवला राम डहरे, जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रविशंकर सिंह, दृगपाल सिंह, चंद्रप्रताप सिंह बालन्द, कमलेश गुप्ता, बेडोमल बालानी,रूपा जायसवाल,मन्ती सिंह, हीरालाल मौर्य, नरेश यादव, मनी पांडेय, नीलेश मिश्रा, निशान्त गुप्ता, रामलखन सिंह मौजूद रहे।



## फिर दोहराया जिला व ट्रैन का वायदा

विधायक रेणुका सिंह ने विधानसभा चुनाव के दौरान किया हुआ वायदा फिर दोहराया। उन्होंने मंच से कहा कि मैंने विधानसभा चुनाव के दौरान भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की जनता से जो वायदा किया है उसे मैं निभाने के लिए प्रतिबद्ध हु। रेणुका सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में रेल चलाने और चांगभखार को जिला बनाने के लिये देश और प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि, आने वाली 7 तारीख को कमल छाप पर बटन दबाकर सरोज पांडेय को सांसद बनाना है ताकि यहाँ डबल इंजन की सरकार बने और क्षेत्र में ट्रेन चले और चांगभखार जिला बने।

## भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने पूरे कोरबा लोकसभा में सबसे ज्यादा मतों से लीड दिलवाने का आव्हान किया

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि चांग देवी की पावन धरा पर मैं सबका स्वागत करती हूं कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हमारी बहन सरोज पांडेय जो किसी परिचय की मोहताज नही है। सरोज का मतलब ही कमल है। जब सरोज स्वयं में कमल है तो उसे सांसद बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सरोज पांडेय को सांसद का प्रमाण पत्र यहां की जनता दिलाकर दिल्ली भेजेगी। रेणुका सिंह ने कहा कि मैं भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की जनता को नमन करती हूं कि विधानसभा चुनाव के समय न ही मेरा चेहरा अच्छे से देखा और न ही मेरी आवाज सुनी फिर भी मेरे नाम पर विश्वास जताते हुए मुझे मौका दिया इसके लिये मैं इस क्षेत्र की जनता की सदैव आभारी रहूंगी। रेणुका सिंह ने कहा कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ विकसित विधानसभा में भरतपुर सोनहत को लाना है। विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा से पूरे कोरबा लोकसभा में सबसे ज्यादा मतों से लीड दिलवाने का आव्हान किया। मंच पर मौजूद कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने वर्तमान कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के कार्यकाल की खामियां गिनाते हुए अपने पक्ष में जनता से जनसमर्थन की अपील की।

## विष्णु ने बजाया मांदर तो थिरकी रेणुका

भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय को जब मंच पर मांदर भेंट किया तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद को मांदर बजाने से नहीं रोक सके। जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मांदर बजा रहे थे तो इस दौरान विधायक रेणुका सिंह भी मांदर की थाप पर थिरकती नजर आई।

# सजग कोरबा अभियान के तहत गाँजा के कारोबार करने वालों पर कोरबा पुलिस का प्रहार

- संवाददाता -
कोरबा,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा नशीले पदार्थ का व्यापार करने वाले तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात किये गए हैं, जिनसे लगातार सूचना प्राप्त कर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में पुलिस के द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना बालको पुलिस की टीम शहर में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति ध्यानचंद चौक यात्री प्रतीक्षालय के पास बालको गाँजा रखा हुआ है, कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया गया । बाद मुखबिर के बताए अनुसार घेराबंदी कर आरोपी अनीश मोहम्मद पिता बिसाहू मोहम्मद साकिन शिव नगर रूमगड़ा थाना बालको ज़िला कोरबा से उक्त नीले रंग के थैला के अंदर एक सफेद पॉलिथीन में रखे 1.150 किलोग्राम गाँजा को बरामद किया गया । आरोपी के कब्जे से गाँजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है और थाना बालको में 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है ।



# व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिये कानून बनाया जाता है - जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र साहू

- संवाददाता -
कोरबा,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

अनुभव भवन बालको नगर कोरबा में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के प्रयोजनार्थ आज विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बालकों एवं बालिकाओं का विवाह सही उम्र में करें, नाबालिक को गाड़ी चलाने न दें, अज्ञानता वश हमारे द्वारा बच्चों को दुपहिया वाहन चलाने के लिये दे दिया जाता है, दुर्भाग्यवश दुर्घटना होने पर पीड़ित पक्षकार को घायल एवं मृत्युकारित होने पर बहुत ही अधिक मुआवजा देना पड़ जाता है। इसका हमें ध्यान रखना चाहिये। वाहन चलाते समय ड्राइविंग लायसेंस, वाहन का बीमा एवं गाड़ी का रजिस्ट्रेशन होना आवयश्यक है। विधानसभा, संसद में व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित कैसा रखा जावें इस संबंध में सोच विचार कर कानून बनाया जाता है। कानून व्यवस्था को बनाये रखना बहुत ही मुश्किल का कार्य है, इसके लिये हमें कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये कानून का पालन करना आवश्यक है। कानून व्यवस्था नहीं होने से आम नागरिकों के अधिकार सुरक्षित नहीं रह पायेगें। कानून हर जगह लागू होता है, बच्चे के पैदा होने से उनके लिये जन्म प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मृत्यु होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, कानून व्यक्ति को जन्म से मृत्यु उपरांत तक लागू होता है। हम अगर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो किसी के अधिकारों का हनन नहीं होगा। महिलाओं को उद्बोधित करते हुये कहा गया कि परिवार में छोटे-मोटे क्लेश तो होते रहते है, इन्हें अनदेखा करना चाहिये, जिससे परिवार की शांति बनी रहें। जब महिलाएं को ज्यादा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाए तभी उनको शिकायत करना चाहिये। पुलिस में एफ.आई.आर. लिखाते समय एफ.आई.आर. की निःशुल्क कापी प्राप्त करना आपका अधिकार है। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलीण्टिसर्य की श्री पी.एल.सोनी, श्रीमती उमा नेताम, श्री अमित स्वर्णकार, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती मधु पाण्डेय एवं वरिष्ठ कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य एवं श्री के.एन. सेठ, एस.के. सौंधिया, जे.पी. यादव, दुष्यंत शर्मा, श्रीमती आरती सोनी, बालको सी.एस.आर. से संजीव शुक्ला, हर्षिता सोनी उपस्थित रहे।




# मैं विधायक बनकर खुश, मुझे कोई पद की लालसा नहीं: रेणुका सिंह

» लोस चुनाव के बाद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर लगाए जा रहे अटकलों के बीच विधायक रेणुका सिंह का बयान आया सामने

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

मैं विधायक बनकर खुश हूं। मेरा काम जनता की सेवा करना है। मैंने गांव के लोगो की तकलीफ को देखा है। उन तकलीफों को मुझे दूर करना है। मैं तय कर ली हु की मुझे सिर्फ जनता की सेवा करना है। मैं विधायक के रूप में सांसद के रूप में रह चुकी हूं, मैं दोनों सरकार में मंत्री रह चुकी हूं अब मेरा जीवन सिर्फ जनता की सेवा के लिए है। यह बातें पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने मीडियाकर्मियों से चर्चा के दौरान कही। मीडियाकर्मियों ने जब विधायक रेणुका सिंह से सवाल किया कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश के मंत्रिमंडल में फेरबदल होता है और आपको मंत्रीमंडल में जगह मिलती है तो क्या करेंगी। इस सवाल के जवाब में विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, पार्टी मुझे जब जब जो जिम्मेदारी देती है मैं उसका पालन करती हूं। मण्डल अध्यक्ष से लेकर केंद्रीय मंत्री तक रह चुकी हूं। ट्राइबल मोर्चा के विभिन पदों पर काम मैंने किया है। जब जब पार्टी जो जिम्मेदारी देगी मैं उसे बखूबी निभाऊंगी। पत्रकारों ने जब विधायक रेणुका सिंह से पूछा कि क्षेत्र की समस्या को दूर कैसे किया जाएगा के सवाल के जवाब में रेणुका सिंह ने कहा कि, मैं लगातार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रही हु। लोगो से मिल रही हु उनकी दुख तकलीफें जान रही हु। इस पर कार्ययोजना बनाकर मैं काम कर रही हु जल्द ही इसका परिणाम आप सबके सामने होगा।




## मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल था नाम

गौरतलब है कि विधायक रेणुका सिंह का नाम मुख्यमंत्री की दौड़ में भी खूब आगे चल रहा था। केंद्र सरकार मे केंद्रीय राज्यमंत्री रहते हुए रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा से चुनाव लड़ा और कठिन सीट समझे जाने वाली सीट पर भाजपा का परचम लहराया। छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में इकलौती मंत्री होने के कारण रेणुका सिंह का नाम सीएम पद की रेस में भी खूब चला।

# चैती छठ पूजा के अवसर पर छठ घाट पहुंचे क्षेत्रीय विधायक





» सुपा में माथा टेक कर व्रती उपासकों से लिया आशीर्वाद

- संवाददाता -
सूरजपुर,14 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्र में पड़ने वाली चैती छठ पूजा के पावन अवसर पर प्रेमनगर क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी ने सूरजपुर जिला मुख्यालय रेणुका नदी के तट पर स्थित स्थानीय छठ घाट पर पहुंच कर चैती छठ पूजा पर्व मना रही सूरजपुर की समस्त उपासक माता को प्रणाम करते हुए छठ मैया व सुपा में माथा टेक कर पूजा-अर्चना व फल-प्रसाद चढ़ते हुए क्षेत्र के सभी लोगों के सुख, समृद्धि, शांति, उन्नति और चहमुखी विकास की मनोकामना की और आशीर्वाद मांगा. इस अवसर पर उनके साथ भाजपा शहर मंडल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, लोकसभा संयोजक मुकेश गर्ग, मंडल प्रभारी शशिकांत गर्ग, भाजपा जिला सहमीडिया प्रभारी व युवा मोर्चा जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर साहू, सागर सिंह,महादेव सिंह, संतोष सिंह, रंजन सोनी, रोहित कसेरा सहित काफी संख्या में छठ उपासक व दर्शनार्थी उपस्थित रहे.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता यादव पति संतोष यादव जाति अहीर निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 224/38 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कुषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर

# मुंबई-चेन्नई के हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले होगा बड़ा बदलाव ?

### ये है संभावित प्लेइंग इलेवन

**नई दिल्ली,14 अप्रैल 2024।** आईपीएल के इतिहास का सबसे हाई-वोल्टेज एक्शन को देखने के लिए तैयार हो जाइए। टूर्नामेंट के मैच नंबर 29 में मुंबई इंडियंस का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से वानखेड़े स्टेडियम में होगा। यह एकमात्र मौका होगा जब ये दोनों टीमें इस साल लीग चरण में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

मुंबई इंडियंस में हो सकता है बदलाव मुंबई इंडियंस में श्रेयस गोपाल को पीयूष चावला के स्थान पर बने रहना चाहिए, लेकिन एमआई पूरी तरह से फॉर्म में चल रहे सीएसके बल्लेबाज शिवम दुबे के लिए जसप्रीत बुमराह को लाने पर विचार कर सकता है, क्योंकि दुबे स्पिनरों के खिलाफ घातक साबित हो सकते हैं और अच्छी फॉर्म में चल रहे बुमराह ही उन्हें रोकने के लिए एमआई रैंक में एकमात्र खिलाड़ी हो सकते हैं।

### मुंबई की संभावित प्लेइंग इलेवनः-

रोहित शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मोहम्मद नबी, श्रेयस गोपाल, जसप्रित बुमराह, गेराल्ड कोएत्ज़ी, आकाश मधवाल। (इम्पैक्ट सब्सिट्यूट- सूर्यकुमार यादव)

### बदलाव के साथ मैदान में उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स ?

चेन्नई सुपर किंग्स में किसी चोट की सूचना नहीं है, मथीशा पथिराना सहित सभी खिलाड़ी उपलब्ध हैं, हालांकि श्रीलंकाई तेज गेंदबाज शायद नहीं खेलेंगे। वानखेड़े में स्पिनरों का बड़ा प्रभाव नहीं पड़ रहा है और रवींद्र जडेजा का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग किया जा सकता है, सबसे अधिक संभावना है कि जब एमआई पावर-प्लेयर एक्शन में होंगे तो उन्हें जल्दी लाया जाएगा।



### चेन्नई की संभावित प्लेइंग इलेवनः-

ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रवींद्र, अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिशेल, समीर रिजवी, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, मुस्तफिजुर रहमान, तुषार देशपांडे, महेश थीक्षाना। (इम्पैक्ट सब्सिट्यूट- शिवम दुबे)

### चेन्नई सुपर किंग्स टीमः-

रचिन रवींद्र, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, एमएस धोनी (विकेटकीपर), अजिंक्य रहाणे, समीर रिजवी, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मुस्तफिजुर रहमान, तुषार देशपांडे, महेश थीक्षाना, मोइन अली। शेख रशीद, निशांत सिंधु, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, मुकेश चौधरी, डेवोन कॉनवे, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, आरएस हंगरगेकर, मथीशा पथिराना, अरवेल्ली अवनीश।

### मुंबई इंडियंस टीमः-

ईशान किशन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (कप्तान), तिलक वर्मा, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मोहम्मद नबी, श्रेयस गोपाल, जसप्रित बुमरा, जेराल्ड कोएत्ज़ी, आकाश मधवाल, डेवाल्ड ब्रेविस, नमन धीर, नेहल वढेरा, हार्विक देसाई, पीयूष चावला, क्वेना मफाका, शम्स मुलानी, ल्यूक वुड, अर्जुन तेंदुलकर, कुमार कार्तिकेय, शिवालिक शर्मा, नुवान तुषारा, अंशुल कंबोज।

# संयुक्त राज्य अमेरिका ने टी 20 विश्व कप की तैयारी तेज कर दी



**टेक्सास,14 अप्रैल 2024।** प्रेयरी व्यू क्रिकेट में पांचवें मैच में 4 विकेट की जीत के बाद यूएसए ने आगामी टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है क्योंकि उन्होंने पड़ोसी कनाडा पर 4-0 से टी20ई श्रृंखला जीत ली है। ह्यूस्टन में परिसर. शनिवार की रात, संयुक्त राज्य अमेरिका श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आगे बढ़ा और श्रृंखला को एक प्रभावशाली नोट पर समाप्त किया। कनाडा के कप्तान साद बिन जफर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद मेहमान टीम बोर्ड पर 168/5 का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रही। एरोन जॉनसन (33), हर्ष ठाकेर (38) और दिलप्रीत सिंह (33) के सामूहिक बल्लेबाजी प्रदर्शन ने कनाडा को 169 का लक्ष्य दिया। यूएसए के लिए, सौरभ नेत्रवलकर (1/29), शैडली वैन शल्कविक (2/42) ) और निसर्ग पटेल (1/22) विकेट लेने वालों में शामिल रहे। जवाब में, कनाडा संयुक्त राज्य अमेरिका को जल्द ही हराने में कामयाब रहा क्योंकि ऋषिव जोशी और साद ने शुरुआती विकेट लेकर मेजबान टीम को 9/3 पर रोक दिया।नीतीश कुमार ने जिम्मेदारी संभाली और 64(38) की अपनी आतिशी पारी के साथ बल्ले से यूएसए के आक्रमण की अगुवाई की। उनकी गेम-चेंजिंग पारी में चार चौके और चार छक्के शामिल थे। उनके जाने के बाद, हरमीत सिंह और निसर्ग पटेल ने सुनिश्चित किया कि यूएसए फिनिशिंग लाइन पार कर जाए और खेल को चार विकेट से जीत के साथ समाप्त किया।

नीतीश को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। चौथे टी20ई में जीत के साथ, यूएसए ने पांचवां टी20ई खेलने के लिए मैदान पर कदम रखने से पहले ही श्रृंखला पर कब्जा कर लिया था। पहले गेम में, यूएसए ने कनाडा के 132 रनों के लक्ष्य को 17.3 ओवर में हासिल कर छह विकेट से जीत हासिल की। दूसरे गेम में, यूएसए ने टी20ई क्रिकेट में अपना अब तक का सर्वोच्च स्कोर - 230/3 पोस्ट किया। कनाडा ने अपने साहसिक प्रयास से संघर्ष दिखाया लेकिन अंततः 31 रन से पिछड़ गया। तीसरा 20आई खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया और चौथे टी20 आई में 14 रन की जीत के साथ विजयी रहा।

# मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस लौटे

**नयी दिल्ली,14 अप्रैल 2024।** दिल्ली कैपिटल्स को हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटने से बड़ा झटका लगा है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार मार्श को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया जाना तय है। उन्हें दिल्ली टीम प्रबंधन के साथ परामर्श के बाद वापस बुला लिया गया। मौजूदा सत्र में हालांकि उनकी उपलब्धता पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। मार्श ने दिल्ली की टीम के लिए पिछला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला था। वह इसके बाद मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ टीम के पिछले दो



मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में मार्श का सर्वोच्च स्कोर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 रन रहा है। दिल्ली ने इस मैच को 12 रन से जीता था। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह खाता खोलने में नाकाम रहे थे। मार्श के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के चोटिल होने से भी दिल्ली कैपिटल्स की परेशानी और बढ़ गयी है। टीम को अपना अगला मैच बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलना है। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ कैच पकड़ने का प्रयास करते समय वार्नर की उंगली में चोट लग गई। उनकी उंगली में सूजन थी और टीम के अहमदाबाद पहुंचने पर उनका स्कैन कराया गया।



# 7-10 दिनों तक बाहर रहेंगे शिखर धवन

**मुल्लांपुर,14 अप्रैल 2024।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 7 या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं। पीबीकेएस के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने इसकी पुष्टि की है। अगर धवन एक हफ्ते के लिए बेंच पर बैठते हैं तो वह आईपीएल 2024 के दो पीबीकेएस घरेलू मैच, मुंबई इंडियंस के खिलाफ (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटंस (21 अप्रैल) से चूक सकते हैं। संजय बांगर ने कहा, कंधे में चोट के कारण धवन टीम से बाहर हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उसके कुछ दिनों के लिए खेल से बाहर रहने की संभावना है। एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज, शिखर जैसा कोई, जिसके पास खेलने का अनुभव है ऐसे विकेट पर टीम के लिए बेहद अहम हो जाता है। धवन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ पीबीकेएस के शनिवार रात के मैच में भी नहीं खेल पाए। सैम करन ने उनकी जगह टीम की कप्तानी संभाली।

बांगड़ ने किंग्स की तीन विकेट से हार के बाद कहा, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वह उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि वह कम से कम सात से 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकता है।

# थलाइवर 171 के नए पोस्टर में जबरदस्त लुक में दिखे रजनीकांत

गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं। असफलता को पीछे छोड़ते हुए रजनीकांत ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज करने जा रहे हैं, जिनकी पिछली तीन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परचम लहराया था। उनकी पिछली प्रदर्शित फिल्म लियो थी, जिसने थलापति विजय नजर आए थे।रजनीकांत की जेलर' ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। बहरहाल हम बात कर रहे हैं रजनीकांत की अगली फिल्म की। वे जल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के




साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है।लियो' और विक्रम' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं।उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। पोस्टर के बैकग्राउंड मैकेनिकल है, जिसमें घड़ी की मैकेनिज्म देखने को मिलती है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है।

# 3 राउंड फायरिंग,बालकनी के नेट को चीरते हुए घर के अंदर घुसी गोली,हमले के बाद बाई गयी सलमान खान की सिक्योरिटी




बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर रविवार सुबह दो लोगों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है। इस फुटेज में, दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और अभिनेता के घर के बाहर गोलीबारी की और फिर वहां से फरार हो गए। गोलीबारी की इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की एक टीम भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में मौजूद है और घटना की जांच कर रही है।अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर फायरिंग पर मुंबई के डीसीपी राज तिलक रौशन ने कहा, आज सुबह करीब 5 बजे अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर दो अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। पुलिस को 3 राउंड फायरिंग की जानकारी मिली है। केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। गोलीबारी की घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।जानकारी के लिए बता दें, सलमान खान अपने घर की जिस बालकनी पर आकर फैंस से रूबरू होते हैं, वहीं पर बदमाशों ने गोलीबारी की घटना को अंदाज दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बदमाशों द्वारा फायर की गयी दो-तीन गोलियां दीवार पर जाकर लगी। एक बालकनी के नेट को चीरते हुए अभिनेता के घर में जाकर घुस गयी।पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता के दफ्तर को एक ई-मेल भेजकर खान को धमकी दी गई थी जिसके बाद मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी समेत अन्य धाराओं में एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

# अनीता हसनंदानी के 43वें जन्मदिन पर पति ने लिखा प्यार भरा नोट

काव्यांजलि, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कृष्णा कॉटेज और रागिनी एमएमएस 2 जैसे शो और फिल्मों में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी रविवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाई। इस मौके पर उनके पति रोहित रेड्डी ने उनके लिए एक प्यारा भरा नोट लिखा। नोट में लिखा है कि वह 14 साल से उनका दिल चुरा रही हैं। अनीता ने अक्टूबर 2013 में कॉर्पोरेट पेशेवर रोहित के साथ शादी की थी। उनका का एक बेटा आरव है। रोहित ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी के साथ एक अनदेखी पुरानी तस्वीर शेयर की। फोटो के साथ उन्होंने लिखा, उस महिला को जन्मदिन की शुभकामनाएं,



जो 14 वर्षों से मेरा दिल चुरा रही है। यहां 43 साल की उम्र में आप हर साल यह साबित कर रही हैं कि भले ही मैं समझदार न हो सकूं, आप निश्चित रूप से और अधिक शानदार हो रही हो। अच्छा काम करते रहो बेबी, मैं तुम्हारे साथ बने रहने की कोशिश करूंगा। अनीता कन्नड़ फिल्म गंडुगली कुमारा रामा; और वरुशामेलम वसंतम, सुक्रान और नायागन जैसी तमिल फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। उन्हें पिछली बार हिंदी क्राइम थ्रिलर मैरिच में देखा गया था, जिसमें तुषार कपूर मुख्य भूमिका में थे। वह हाल में टीवी शो हम रहे न रहें हम में दिखी थीं।



# साई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में तस्वीरें

भारतीय अभिनेत्री साई मांजरेकर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्का मेकअप किया है. तस्वीरों में वह अलग-अलग पोज दे रही हैं. साई मांजरेकर की इन तस्वीरों को उनके फैंस द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है. कई फैंस ने उनके लुक की तारीफ करते हुए कमेंट किए हैं. एक फैन ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं, तो दूसरे ने लिखा, आपकी ड्रेस बहुत प्यारी है.साई मांजरेकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं. वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 1.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं.साई मांजरेकर एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो हिंदी, मराठी और तेलुगु भाषा की फिल्मों में काम करती हैं। वह अभिनेता महेश मांजरेकर और मेधा मांजरेकर की बेटी है। उन्होंने दबंग 3 (2019) के साथ अभिनय की शुरुआत की, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण नामांकन के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

# नीतू कपूर ने बेटे रणबीर और बहू आलिया की दूसरी शादी की सालगिरह पर की प्यारी तस्वीर शेयर

सेलेब जोड़ी आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अपनी दूसरी शादी की सालगिरह मनाए। इस बड़े दिन को चिह्नित करने के लिए, एनिमल स्टार की माँ नीतू कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जोड़े की एक स्पष्ट और बिल्कुल मनमोहक तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में आलिया भट्ट को नारंगी रंग के परिधान में देखा जा सकता है, जबकि उनके पति रणबीर को सफेद कुर्ता पहने देखा जा सकता है। दोनों को हाथ जोड़ते हुए दिल खोलकर मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। अनजान लोगों के लिए, आलिया और रणबीर ने 14 अप्रैल 2022 में शादी कर ली। उन्होंने उसी साल नवंबर में अपनी बेटी राहा का स्वागत किया। कुछ दिनों पहले सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर खींची गई पावर कपल की एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई थी। आलिया और रणबीर ईद मनाने के लिए सुपरस्टार के साथ शामिल हुए।



एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सलमान खान फैन पेज द्वारा साझा की गई तस्वीर में, आलिया और रणबीर एक आदमी के साथ पोज़ देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो घर में मदद करने वालों में से एक लगता है। ईद पार्टी के लिए आलिया ने फ्लोरल सलवार कमीज सेट चुना। दूसरी ओर, रणबीर ने डेनिम जैकेट और जींस के साथ टी-शर्ट पहनकर कैजुअल लुक चुना। तस्वीर के साथ लिखे टेक्स्ट में लिखा है, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ईद के मौके पर सलमान खान के घर पर।÷ काम के मोर्चे पर,आलिया को आखिरी बार रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में देखा गया था, जबकि रणबीर की नवीनतम उपस्थिति ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल में थी। आलिया भट्ट अगली बार जिगरा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। उनके पति रणबीर कपूर इन दिनों नितेश तिवारी की फिल्म रामायण की शूटिंग में व्यस्त हैं।

# अमित शाह का आरोप...झूठ का व्यापार करती है कांग्रेस

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजनांगांव से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के समर्थन में रविवार को खैरागढ़ के फतेह मैदान में सभा की

### नक्सलवाद को खत्म करने का किया दावा

**राजनांदगांव,14 अप्रैल 2024(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजनांगांव से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के समर्थन में रविवार को खैरागढ़ के फतेह मैदान में जमकर गरजे।

अमित शाह ने कहा, कांग्रेस झूठ बोलने से बाज नहीं आती है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बोलते हैं, पीएम मोदी आरक्षण खत्म कर देंगे। लेकिन मैं छत्तीसगढ़ की जनता से कहने आया हूं, आरक्षण को कुछ नहीं होने देंगे। आरक्षण दलितों की हो या आरक्षण पिछड़े वर्ग की हो।शाह ने कहा, मोदी की तीसरी पारी में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने का काम करेंगे। पूरे देश में नक्सलवाद खत्म हो गया है। देश की पूंछ छत्तीसगढ़ में बाकी है। उसे भी इस बार खत्म करेंगे। पीएम मोदी की सरकार तीसरी बार बनवाइए, हम छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म कर देंगे।

अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राजनांदगांव उम्मीदवार भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा, भूपेश कका इतना सारा भ्रष्टाचार करके पेट नहीं भरा है अभी भी यहां से सांसद बनना चाहते हैं। मैं आज राजनंदगांव की जनता को कहने आया हूं कि आप लोगों ने भूपेश बघेल को विधानसभा में हराया है, इससे भी बड़े मार्जिन के साथ इनको फिर से घर पर भेजने का काम करिए। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल ने गंगा जल लेकर शराबबंदी की बात कही थी, लेकिन नहीं किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, लोकसभा का चुनाव महत्वपूर्ण है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। सीएम साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 5 साल कांग्रेस की सरकार रही, जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया।छत्तीसगढ़ के बेटे-बेटियों को सट्टे का लत लगाने वाले भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है, उसको इस चुनाव में मजा चखाना है।

उधर अप्रैल के तीसरे सप्ताह में कांग्रेस भी बड़ी सभा कराने की तैयारी में है। चर्चा है कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा व छग प्रभारी सचिन पायलट की सभा हो सकती है। हालांकि संगठन के पास अभी इसकी कोई आधिकारिक सूचना नहीं पहुंचा है। नामांकन के साथ ही चुनाव प्रचार शुरू हुए पखवाड़ाभर से अधिक हो गया। प्रचार में 11 दिनों का ही समय शेष रह गया है। अब जाकर पहली बड़ी सभा हुई। इसके पहले आठ अप्रैल को शाह कवर्धा आने वाले थे, लेकिन ठीक एक दिन पहले उनकी जगह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को भेजा गया था। बताया गया कि शाह की सभा के माध्यम से भाजपा अपने खाए गढ़ खैरागढ़ को साधने की तैयारी में है। इस विधानसभा की सीमाएं राजनांदगांव व कवर्धा जिले के साथ डोंगरगढ़ विधानसभा सीट से भी सटी हुई है। इतना ही नहीं एक छोर मध्यप्रदेश को भी छूटा है। चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को खैरागढ़ के साथ ही डोंगरगढ़ में भी हार का सामना करना पड़ा। शाह अपनी सभा के माध्यम जाति व क्षेत्र के आधार पर बंटने वाले वोटों को साधने का प्रयास कर सकते हैं। उधर कांग्रेस की तरफ से अब तक किसी स्टार प्रचारक का दौरा तय नहीं हो पाया है। प्रत्याशी भूपेश बघेल स्वयं प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। वे हर दिन लगभग 20-25 गांवों में जनसंपर्क कर रहे हैं।



### राजनांदगांव के लोगों से की ये अपील

शाह ने खैरागढ़ में कहा,मोदी ने अपने 10 साल के शासन में माओवादी हिंसा को खत्म कर दिया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में यह सिलसिला अभी भी जारी है। शाह ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा सीट पर भी माओवादी हावी हैं। यहां से भाजपा के संतोष पांडे पूर्व कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।
शाह ने कहा कि आज बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती है। पूरा देश उन्हें दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों के उत्थान के लिए किए गए उनके काम के लिए याद कर रहा है। इस दिन, लोग उनके द्वारा तैयार किए गए संविधान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं, लेकिन ऐसे दिन भी कांग्रेस झूठ फैलाने में व्यस्त है।शाह ने कहा कि कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे दावा कर रहे हैं कि अगर मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने तो संविधान बदल दिया जाएगा और पार्टी के पदाधिकारियों का आरोप है कि भाजपा सत्ता में आने के बाद आरक्षण खत्म कर देगी। गृह मंत्री ने कहा, ÷मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि जब तक भाजपा राजनीति में है, हम आरक्षण पर कुछ नहीं होने देंगे। हम कांग्रेस को भी इसे खत्म नहीं करने देंगे।

### नक्सलवाद के खात्मे के लिए मोदी को चुनें

छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में एक रैली में बोलते हुए, शाह ने लोगों से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल देने के लिए कहा ताकि अगले तीन वर्षों में राज्य में नक्सलवाद के खतरे को खत्म किया जा सके।

# उद्योग विभाग के एडिशनल डायरेक्टर के खिलाफ पॉलीटिकल फंडिंग की शिकायत

### कांग्रेस नेताओं के करीबी अधिकारियों में शुमार है नाम, श्रष्ठ कर चुकी है रेड कार्रवाई

**रायपुर,14 अप्रैल 2024(ए)।** उद्योग विभाग के एडिशनल डायरेक्टर के खिलाफ पॉलीटिकल फंडिंग की शिकायत हुई है। एडिशनल डायरेक्टर प्रवीण शुक्ला के खिलाफ पॉलीटिकल फंडिंग की शिकायत हुई है। इस पूरे मामले में चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

सामाजिक संस्था युवा जागृति मंच ने पिछले दिनों केन्द्रीय चुनाव आयोग को मय दस्तावेजों के साथ एडिशनल डायरेक्टर की शिकायत की थी। आयोग के पत्र के बाद अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी ने उद्योग सचिव को पत्र लिखकर शिकायतों पर रिपोर्ट मांगी है।

शिकायतों में यह बताया गया है कि प्रवीण शुक्ला पिछले 23 साल से कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह कार्य करते रहे हैं। इनमें से 20 साल क्रमश- जोगी सरकार में तत्कालीन उद्योग मंत्री महेन्द्र कर्मा, फिर नेता प्रतिपक्ष के रूप में रविन्द्र चौबे के विशेष सहायक और फिर टीएस सिंहदेव के विशेष सहायक रहे हैं।

कांग्रेस सरकार में वो सीएम भूपेश बघेल के ओएसडी भी रहे। बाद में उन्हें निजी पदस्थापना से हटाकर मूल विभाग उद्योग संचालनालय में पदस्थ रहे। शिकायत में यह कहा गया कि शुक्ला पॉलीटिकल फंडिंग, अनिल टुटेजा के मार्फत एकत्र कर पार्टी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और सीएम हाउस तक पहुंचाने का काम करते रहे। शिकायत में यह भी बताया गया कि फरवरी 2023 में हुए कांग्रेस अधिवेशन में उनकी भूमिका एक कांग्रेस नेता के रूप में रही है और अधिवेशन के लिए वाहनों का इंतजाम और उस राशि की उगाही करते रहे हैं।

शिकायत में यह भी बताया कि प्रवीण शुक्ला के भाई बंकिम शुक्ला जो कि सीए हैं उनके यहां राशि रखी जाती है। ईडी ने प्रवीण शुक्ला और उनके भाई बंकिम शुक्ला के निवास पर रेड की थी जिसकी जांच चल रही है। शिकायत में उन्हें उद्योग विभाग से पृथक कर उनके खिलाफ किसी एजेंसी से विस्तार से जांच कर कार्रवाई का आग्रह किया गया है। विभाग ने चुनाव आयोग को शिकायतों का जवाब भेज भी दिया है।




# कांग्रेस नेता अकबर खान पुलिस हिरासत में

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में चल रहा था फरार

**बिलासपुर,14 अप्रैल 2024 (ए)।** सरकंडा पुलिस ने कांग्रेस नेता अकबर खान को हिरासत किया है आरोपी कांग्रेस नेता आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार चल रहा था पुलिस उसे न्यायालय में पेश करने कार्रवाई में जुटी हुई है। चांटीडीह में रहने वाले कांग्रेस नेता रज्जब अली ने चार अक्टूबर 2023 को फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। इसमें उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की थी। रज्जब अली के स्वजन ने कांग्रेस नेता अकबर खान और तैयब हुसैन पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कांग्रेस नेता अकबर और तैयब के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया। इस बीच दोनों फरार हो गए। पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। रविवार को अकबर अपने परिवार से मिलने आया था। इसकी जानकारी होने पर पुलिस की टीम उसे पकड़ लिया। रपटा चौक चांटीडीह में रहने वाले रज्जब अली (56) व्यवसायी थे। उन्होंने चार अक्टूबर 2022 की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया। व्यवसायी के बेटे अरमान उर्फ हमाम अली ने पुलिस को बताया कि रपटा चौक स्थित उनकी दुकान वाली जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उनकी जमीन के पास वाली जमीन को खरीदने के लिए कांग्रेस नेता अकबर खान और तैय्यब हुसैन ने सौदा किया है। अकबर खान और तैय्यब हुसैन उनकी दुकान वाली जमीन को कब्जे की बताकर खाली करने का दबाव बना रहे थे। इससे उनके पिता रज्जब अली परेशान थे। दोनों पर अरमान ने प्रताड़ना का आरोप लगाया। शिकायत पर तत्कालीन एसपी ने एएसपी सिटी को जांच के आदेश दिए। जांच के आधार पुलिस ने अबकर खान और तैय्यब हुसैन के खिलाफ धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया।




### तीन सीटों पर बसपा ने प्रत्याशी किए घोषित

**रायपुर,14 अप्रैल 2024(ए)।** बहुजन समाज पार्टी ने छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की है। सरगुजा की सीट पर संजय एक्का, रायगढ़ की सीट पर इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्वनी रजक को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा प्रमुख मायावती के आदेशानुसार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने नामों की सूची जारी की है।

## विष्णुदेव और भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन आज दाखिल करेंगे नामांकन

**रायपुर,14 अप्रैल 2024(ए)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल सोमवार, 15 अप्रैल को वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय एकात्मक परिसर से महती रैली के साथ अपना नामांकन जमा करेंगे।

रैली की शक्ल में नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले महती सभा होगी जिसे भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव उपमुख्यमंत्री,अरुण साव, विजय शर्मा सांसद सुनील सोनी, भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल समेत अनेक नेता संबोधित करेंगे

उल्लेखनीय है कि पिछले आठ लोकसभा चुनावों से रायपुर संसदीय क्षेत्र भाजपा का अभेद्य गढ़ है और इसमें मंत्री व भाजपा प्रत्याशी श्री अग्रवाल का चुनावी प्रबंधन व रणनीतिक कौशल हर बार प्रमाणित हुआ है। श्री अग्रवाल स्वयं अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से लेकर छत्तीसगढ़ विधानसे भा के हर चुनाव में रायपुर (पहले शहर और अब दक्षिण) विधानसभा से सम्मानजनक लीड लेकर चुनाव जीतते रहे हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि श्री अग्रवाल के मुकाबले कांग्रेस तमाम प्रयोग करके भी कभी जीत हासिल नहीं कर सकी। सन 2023 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने महंत रामसुंदर दास को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन श्री अग्रवाल इस बार पूरे प्रदेश में सबसे अधिक मतों से विजयी होने वाले विधायक रहे। उनकी मिलनसारिता, सेवा और सहयोग की भावना ने भाजपा कार्यकर्ताओं से उनका अटूट रिश्ता कायम किया है।



# भूपेश बघेल ही बचा रहे झीरम हमले के आरोपी को

### बीजेपी नेता का दावा- जेब में रखे हैं सबूत

**रायपुर,14 अप्रैल 2024 (ए)।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के जेब में झीरम हमले का पूरा सबूत हैं। बघेल ही झीरम हमले के आरोपी को बचा रहे हैं. यह दावा बीजेपी नेता चंद्रशेखर शुक्ला ने किया हैं। और राहुल गांधी से इस मामले पर आज बस्तर जनसभा में जवाब देने की मांग की है। आगे उन्होंने उदय मुदलियार के परिवार से भी आग्रह किया है कि राजनांदगांव चुनाव के प्रत्याशी भूपेश बघेल से सबूत को सार्वजनिक कराए। कांग्रेस पार्टी के आपसी नेताओं की खींचतानी और तत्कालिन आदिवासी नेता और बीजेपी नेता की दुश्मनी कांग्रेस के नेताओं को झीरम जैसे खूनी साजिश को अंजाम देने के लिए पर्याप्त इंतजाम किया गया था। जिसका सबूत खुद भूपेश बघेल ने 2017 में राहुल गांधी को स्व. अहमद पटेल और अन्य प्रदेश के नेताओं के सामने रखी थी। उसके बावजूद झीरम कांड के आरोपियों को कांग्रेस पार्टी पद प्रतिष्ठा टिकट देती रही हैं। क्या कारण है और क्या दबाव है? इसका जवाब कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए चंद्रशेखर शुक्ला ने राहुल गांधी और भूपेश बघेल से मांगा है। जानकारी के अनुसार उसी समय कांग्रेस की आदिवासी नेत्री ने भूपेश बघेल और राहुल गांधी को झीरम कांड के मुख्य आरोपियों का वीडियो व काला चिठ्ठा दिया था।सीधा आरोप कवासी लखमा पर लगाया था। जिसके आधार पर उस कांग्रेस नेत्री को उच्च पद बार-बार दिए गए। बीजेपी नेता चंद्रशेखर शुक्ला का कहना है कि जिस कवासी लखमा को पूरा छत्तीसगढ़ और पूरा कॉंग्रेस झीरम घाटी नरसंहार का संदिग्ध माता है तथा जिसे तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी 2013 में संदिग्ध ठहराया था को आपने क्या क्लीन चिट देकर लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है? क्या झीरम के शहीदों को आप शहीद नहीं मानते हैं या सिर्फ शहीद सिर्फ वही हैं जो आपके परिवार से हैं, आपने इनको न्याय दिलाने के लिये संसद में कितनी बार मांग / प्रयास किया है? पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिन सबूतों को जेब में डाल के रखे हुये हैं वह सबूत क बाहर आयेंगे? अब तो आपकी सरकार भी चली गई भूपेश बघेल किसे बचाना चाहते हैं।




# अभी बारिश से नहीं मिलेगी राहत


### कई राज्यों में आंधी-तूान लाएगी तबाही, जारी हुई चेतावनी...

**रायपुर,14 अप्रैल 2024(ए)।** देशभर में मौसम में बदलाव बना हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने 15 अप्रैल के लिए चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 15 अप्रैल तक यूपी में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश हो सकती है।

मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उससे सटे ईरान के पूर्वी हिस्से में समुद्र तल से 3.1 से 12.6 किलोमीटर ऊपर स्थित है।भारतीय निम्न दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों और संबंधित चक्रवाती परिसंचरण पर स्थित है और औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है।

एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर कम दबाव वाले क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण से लेकर दक्षिण उत्तर प्रदेश और दक्षिण बिहार होते हुए पूर्वी झारखंड तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है। कोमोरिन क्षेत्र पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक ट्रफ/हवा का विच्छेदन कोमोरिन क्षेत्र पर उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण से लेकर केरल और आंतरिक कर्नाटक से होते हुए कोंकण और गोवा तक फैला हुआ है। असम पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।अगले 24 घंटों के दौरान, पश्चिमी हिमालय पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के साथ कुछ भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। राजस्थान, हरियाणा के कुछ हिस्सों, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ धूल भरी आंधी और छिटपुट ओलावृष्टि हो सकती है।

मराठवाड़ा, विदर्भ, ओडिशा, झारखंड, बिहार और जेनेटिक पश्चिम बंगाल में गरज के साथ कुछ मध्यम बारिश और अलग-अलग जगहों पर ओलावृष्टि हो सकती है। सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में गरज के साथ कुछ मध्यम बारिश के साथ हल्की बारिश संभव है।



# 5 कुख्यात नक्सली किए गए गिरफ्तार

**सुकमा,14 अप्रैल 2024(ए)।** सुकमा जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, विजय प्रताप, कमाण्डेन्ट 201 कोबरा वाहिनी के निर्देशन तथा दिनेश कुमार सिंह देव, द्वितीय कमान अधिकारी 201 कोबरा वाहिनी, निखिल अशोक कुमार राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 11.04.2024 को थाना जगरगुण्डा से निरीक्षक सुरेन्द्र यादव थाना प्रभारी जगरगुण्डा के हमराह जिला बल एवं कैम्प टेकलगुड़ा से लखबिर, उप कमांडेन्ट, विश्वनाथ सहायक कमाण्डेन्ट, अलोक, सहायक कमाण्डेन्ट के हमराह 201 कोबरा वाहिनी का बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम टेकलगुड़ा व पूवर्ती की रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम टेकलगुड़ा व पूवर्ती के मध्य जंगल रास्ते के पास सादे वेश-भूषा धारण किये हुए कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर 05 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना कमशः 1.माड़वी हुँगा पिता माडवी कोसा (जन मिलिशिया सेक्शन कमाण्डर) उम्र 34 वर्ष जाति मुरिया 2. माड़वी मासा पिता माड़वी जोगा (जन मिलिशिया सदस्य) उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया, 3. मड़कम हुँगा पिता मड़कम रामा (जन मिलिशिया सदस्य) उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया, 4. नुप्पो रामू पिता नुप्पो आयतु (जन मिलिशिया सदस्य) उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया साकिनान टेकलगुडा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा एवं 5. माड़वी भीमा पिता माड़वी नंदा (जन मिलिशिया सदस्य) उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया साकिन जोनागुडा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा का होना तथा उपरोक्त नक्सल संगठन मे उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये। नक्सल संगठन में कार्य करना बताये जाने से थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेकर करने पर सभी टेकलगुड़ा कैम्प निर्माण के दौरान सुरक्षा बलों पर फायरिंग करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल होना पाया गया घटना के संबंध में थाना जगरगुण्डा में पूर्व से अपराध क्रमांक 05/2024 धारा 147, 148, 149, 307, 34 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए सभी नक्सली आरोपियों को आज दिनांक 12.04.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।



### छापा मारने गई फ्लाइंग स्क्वॉयड की ही गाड़ी को आरोपियों ने जला दिया

**महासमुंद,14 अप्रैल 2024(ए)।** महासमुंद में बड़ी घटना की जानकारी मिल रही है। चुनावी फ्लाइंग स्कावाड की गाड़ी को आग लगा दी गयी है। घटना महासमुंद जिले के परसापाली की है, जहां फ्लाइंग स्कावाड की टीम छापेमारी के लिए गयी हुई थी। टीम जब छापा मारने गयी, तो उसी दौरान किसी शरारती तत्व ने गाड़ी में आग लगा दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची हुई है, अभी जांच चल रही है। जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्कावाड का गठन किया गया है। ये टीम शिकायतों की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करती है। मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करती है। आज दोपहर चुनावी उड़नदस्ता टीम को शराब की सूचना मिली थी। सूचना के बाद तत्काल ही उड़नदस्ता की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक टीम परसापाली में अवैध दारू की सूचना पर गई थी। जंगल में दारू छुपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम पहुंची और गांव के बाहर गाड़ी को छोड़कर जंगल तरफ सर्चिंग के लिए गयी।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)